उज्जैन
गुरुवार
05
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-03
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 मैनेजर के पास मिली 3.32 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

7 भारत एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में



आलिया भट्ट की मां बोलीं

दिवाली पर पटाखा फोड़ना देशविरोधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने दिवाली पर पटाखा फोड़ने को देशविरोधी बताया है। मंगलवार देर रात इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर उन्होंने इसे सेहत और जिंदगी से खिलवाड़ बताया। उन्होंने लिखा कि प्रदूषण के कारण छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। विवाद की आशंका को देखते हुए सोनी राजदान ने अपनी इस पोस्ट पर कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। उनका यह बयान बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से बृहन्मुंबई नगर निगम को दीया मिर्जा का प्रदूषण मुक्त दिवाली वीडियो री-अपलोड करने के आदेश के बाद आया है। सोनी राजदान ने लिखा कि छोटे बच्चों के माता-पिता ही जानते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण उनके बच्चे कितना परेशान होते हैं और बीमारी की वजह से उनके स्कूल के कितने दिन छूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में अगर कोई यह कहता है कि दिवाली पर एक भी पटाखा फोड़ना सही है, तो यह बात लाइफ के खिलाफ, सेहत के खिलाफ और देश के खिलाफ (एंटी-नेशनल) लगती है। उन्होंने लोगों से अपनी और बच्चों की सेहत के लिए सही विकल्प चुनने की अपील की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लिखा- प्रार्थना करें मेरे जीवन में भी रोशनी लौट आए, बचपन से दृष्टिबाधित हैं सुनील लोधी

हनुमान अंश फेम सिंगर की आंखों का इलाज शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

'हनुमान अंश' फिल्म के गीत 'मैंने तेरे ही भरोसे' से लोकप्रिय हुए दृष्टिबाधित सिंगर सुनील लोधी की आंखों का इलाज शुरू हो गया है। 4 नवंबर को सुनील लोधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर कर इलाज की जानकारी दी। उन्होंने अपने फैंस से दुआएं मांगने की अपील की है, ताकि उनकी आंखों की रोशनी वापस आ सके।

लिखा- मेरे लिए प्रार्थना करें- सुनील लोधी ने अस्पताल से अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि भगवान की कृपा से उनकी आंखों के इलाज की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, फैंस की प्रार्थनाओं से एक नई उम्मीद जागी है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि मेरी जिंदगी में रोशनी वापस लौट आए और मैं इस सुंदर दुनिया को अपनी आंखों से देख सकूं। उन्होंने अपने माता-पिता के वर्षों पुराने इंतजार के पूरा होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

ट्रेनों में तंबूरा बजाकर की थी करियर की शुरूआत

मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले सुनील लोधी का शुरुआती जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि महज 10-11 साल की उम्र से ही उन्होंने लोकल ट्रेनों और गांवों में तंबूरा बजाकर बुंदेली लोकगीत और भजन गाना शुरू कर दिया था। अपनी शारीरिक सीमाओं को उन्होंने कभी संगीत के आड़े नहीं आने दिया और बिना किसी प्लेटफॉर्म के अपनी पहचान बनाई।

'मोरे संकट के कटैया' से मिली पहचान

सुनील के करियर को पहला बड़ा मोड़ तब मिला जब उनके बुंदेली भजन 'मोरे संकट के कटैया' को यूट्यूब और इंस्टाग्राम पेज 'बुंदेली दुनिया' पर 2.9 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले। इसके बाद फिल्ममेकर और म्यूजिक प्रोड्यूसर पंकज की नजर सुनील की आवाज पर पड़ी। पंकज ने उन्हें अपनी फिल्म 'हनुमान अंश' के गाने 'मैंने तेरे ही भरोसे' के लिए चुना, जिसके बाद सुनील रातों-रात पूरे देश में पहचाने जाने लगे। इससे पहले हनुमान अंश फिल्म की प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर और एमपी सीएम ने सुनील के इलाज में मदद करने की पहल की थी।



ट्रंप की हार पर झूमा बाजार

सेंसेक्स 1609 अंक ऊपर खुला, 5 मिनट में 7 लाख करोड़ का फायदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

ट्रंप की हार से झूम रहे शेयर बाजार में मारुति, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस के शेयर चमक रहे हैं। इनमें 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी है। जबकि, इंडिगो 5.29 प्रतिशत की छलांग के साथ सेंसेक्स टॉप गेनर की लिस्ट में टॉप पर है। एयरटेल का छोड़ सेंसेक्स के सभी शेयर हरे निशान पर हैं। सेंसेक्स भी 1609 अंकों की बंपर उछाल के साथ 78911 पर खुला। चंद मिनट में ही निवेशकों कों 7 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 500 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उधर अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति ट्रंप हार हुई तो इधर घरेलू शेयर बाजार झूम उठा। ठरए का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 400 अंक से अधिक की छलांग लगाकर सीधे 24300 के पार खुला। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स भी 1609 अंकों की बंपर उछाल के साथ 78911 के लेवल से गुरुवार के कारोबार की शुरूआत की। ट्रंप की हार के बाद आज भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी की उम्मीद है। कच्चे तेल की कीमतें दो महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं। इसके अलावा अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स की जीत को ऐसे संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल की जंग जल्द खत्म हो सकती है। इससे बाजार का माहौल सुधरा है।



आज सेंसेक्स-निफ्टी के लिए संकेत

कच्चे तेल में गिरावट : ब्रेंट क्रूड 1 प्रतिशत गिरकर 93.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। पिछले सत्र में इसमें10 प्रतिशत की भारी गिरावट आई थी। तेल की कीमतें कम होने से भारत जैसे आयातक देशों के लिए महंगाई और व्यापार घाटे का दबाव कम होता है। इससे बाजार की धारणा को सहारा मिलता है।

गिफ्ट निफ्टी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी

सुबह 8:01 बजे गिफ्ट निफ्टी 24,295.5 पर था, जो निफ्टी 50 के लिए ग्रीन ओपनिंग का संकेत दे रहा था। बुधवार को निफ्टी 23,960पर बंद हुआ था। बाद में गिफ्ट निफ्टी करीब 24,300 के स्तर पर 350 अंक यानी करीब 1.5 प्रतिशत ऊपर दिख रहा था। इससे घरेलू बाजार में बड़ी गैप-अप ओपनिंग की संभावना बन रही है। बता दें बुधवार को विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में 72.84 अरब रुपये की खरीदारी की। यह लगातार चौथा सेशन था, जब विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की है। इससे लगता है कि इस साल की भारी बिकवाली के बाद वे फिर भारत लौट रहे हैं।

घरेलू बाजार में रिकवरी के संकेत

घरेलू बाजार में अब रिकवरी के संकेत दिख रहे हैं। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स पिछले पांच सत्रों में 5.6 प्रतिशत चढ़ चुके हैं। करीब पांच महीनों में यह उनकी सबसे लंबी लगातार बढ़त है। इसमें विदेशी खरीदारी, तेल की कीमतों में नरमी और मजबूत नतीजों का सहारा मिला है।

दिवाली पर अयोध्या, काशी-मथुरा को उड़ाने की धमकी

लिखा- 20 दिन धमाके होंगे, स्कूलों में अपने बच्चों को बचाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

यूपी में दिवाली पर अयोध्या-काशी और मथुरा में बम धमाके करने की धमकी दी गई है। बुधवार दोपहर 12:25 बजे अयोध्या कोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर स्लेटर जॉन्सन नाम से मेल आया। इसमें लिखा था- 8 नवंबर को काली दिवाली होगी। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा बोलेगा खालिस्तान-खालिस्तान जिंदाबाद, 8 नवंबर से धमाके होंगे, जो 27 नवंबर तक चलेंगे।

ईमेल में खालिस्तान समर्थक नारे और कुछ संगठनों के नामों का जिक्र किया गया है। इसके अलावा वाराणसी के स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है और अपने बच्चों को बचाने की बात कही गई है। धमकी में मथुरा के धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है।

अयोध्या के सीजेएम ने एसएसपी से सुरक्षा मांगी- धमकी की गंभीरता को देखते हुए अयोध्या के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीयूष त्रिपाठी ने एसएसपी को लेटर लिखा। कचहरी की सुरक्षा तत्काल मजबूत कराने की मांग की है। पुलिस ने कचहरी में सभी एंट्री गेट पर चेकिंग और निगरानी बढ़ा दी है। बम निरोधक दस्ते से जांच कराने और ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने की कार्रवाई भी की जा रही है। कचहरी पहले भी कई बार धमकियों और बम धमाकों के निशाने पर रह चुकी है।

सुरक्षा बढ़ाने की मांग

उखट पीयूष त्रिपाठी ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रवेश और निकास द्वारों पर सघन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की तलाशी और बम निरोधक व श्वान दस्ते से नियमित जांच कराने को कहा है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से प्रभावी निगरानी, सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने और ई-मेल के स्रोत व प्रेषक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। वहीं, 8 से 27 नवंबर तक विशेष सतर्कता के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल और गश्त की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

कचहरी में सुरक्षा बढ़ाई गई

धमकी की सूचना पर अयोध्या नगर कोतवाली और कैंट पुलिस बुधवार दोपहर में ही कचहरी पहुंची और सभी एंट्री गेट की चेकिंग की गई। परिसर में भी छानबीन की गई। मेटल डिटक्टर समेत अन्य उपकरणों को देखा गया कि सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं। वहां मौजूद कर्मियों को हर समय अलर्ट रहने का निर्देश दिया। बगैर चेकिंग के किसी भी व्यक्ति को कचहरी में प्रवेश न देने को कहा गया है।

क्लासरूम में 9 साल की बच्ची की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मयूर विहार फेज-2 स्थित एक स्कूल में 9 साल की बच्ची की क्लासरूम में मौत हो गई। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची टीचर से बात कर रही थी, तभी अचानक क्लासरूम के फर्श पर गिर गई। स्कूल के स्टाफ ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया।

बाद में उसे निर्माण विहार के मलिक हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में डॉक्टर्स ने कार्डिएक अरेस्ट से मौत होने की आशंका जताई है। हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। टीचर्स ने बताया कि बच्ची गेम्स पीरियड के बाद क्लासरूम में लौटी थी। वह बहुत थकी हुई लग रही थी। वह कुछ कहते हुए अचानक फर्श पर गिर गई। उसे उठाकर कुर्सी पर बिठाने की कोशिश की तो वह पूरी तरह बेसुध हालत में थी। फर्श पर गिरने से उसके ठोड़ी से खून से आ रहा था। लड़की के परिवार ने आरोप लगाया कि अच्छी-खासी फीस देने के बावजूद, स्कूल के पास इस तरह की इमरजेंसी से निपटने के लिए सही मेडिकल इंतजाम नहीं थे। उन्होंने यह भी पूछा कि बच्ची के गिरने के तुरंत बाद उसे उढफ क्यों नहीं दिया गया। परिवार के सवाल पर प्रिंसिपल ने कहा कि स्टाफ को शुरू में लगा कि बच्ची के बेहोश होने का कारण चेहरे पर लगी चोट हो सकती है। वे उसकी हालत का कोई और कारण नहीं सोच सके। इसलिए उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया।

यूजर्स की पोस्ट के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जिम्मेदार होंगे

सरकार नियम बदल सकती है; फेसबुक, इंस्टाग्राम और की कानूनी सुरक्षा हटाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा खत्म करने पर विचार कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी मंत्रालय ने सोशल मीडिया नियमों में बदलाव पर चर्चा शुरू की है। इसके तहत यूजर्स की पोस्ट, वीडियो और कमेंट के लिए प्लेटफॉर्म्स को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

अभी आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत इन कंपनियों को 'सेफ हार्बर' सुरक्षा मिलती है। इसके तहत यूजर्स की पोस्ट और कमेंट के लिए कंपनियों को सीधे जिम्मेदार नहीं माना जाता। सरकार इस सुरक्षा को सोशल मीडिया कंपनियों से हटाकर इंटरनेट, टेलीकॉम और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स तक सीमित करने पर विचार कर रही है। इससे पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली पुलिस को उन आरोपों की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया था, जिनमें कहा गया था कि टीइ के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए भारत में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल को बढ़ावा दिया गया।

सुरक्षा की वजह से बढ़ा मेटा और गूगल का कारोबार

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सुरक्षा ने मेटा, गूगल और जैसी कंपनियों को यूजर-जनरेटेड कंटेंट पर बड़े कारोबार खड़े करने में मदद की है। उन्हें हर पोस्ट, वीडियो या कमेंट की कानूनी जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ती। सरकार के एक वर्ग का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अब सिर्फ जानकारी पहुंचाने वाले माध्यम नहीं हैं। वे एल्गोरिदम से कंटेंट की रैंकिंग, सिफारिश और पहुंच तय करते हैं। ये प्लेटफॉर्म अपनी कम्युनिटी गाइडलाइन के आधार पर पोस्ट हटाते या सीमित करते हैं। ये नियम कई बार भारतीय कानूनों से अलग हो सकते हैं।

देश

- **सोना** रखने की सरकारी सीमा आय से अधिक संपत्ति के मामले में नहीं बनेगी बचाव का आधार, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा पटना हाईकोर्ट का फैसला
- **ट्रेन** में रात 10 से सुबह 6 बजे तक ही सोने की अनुमति, दिन में मिडिल और अपर बर्थ पर बैठेंगे यात्री: मद्रास हाई कोर्ट
- **मोदी** ने पवार से कहा-सुप्रिया तैयार हैं, साथ देश संभालेंगे, पवार बोले- आप साथ, तो देश की चिंता नहीं, पहले एनसीपी के विलय की अटकलें थीं
- **भाजपा-कांग्रेस** समेत 68 पार्टियों का नया संविधान रिकॉर्ड में नहीं, चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लिए आदेश दिया थे
- **बंगाल** में पत्नी का कटा सिर लेकर घूमता रहा पति, मंदिर में प्रार्थना की, पुलिस ने हिरासत में लिया

विदेश

- **अमेरिकी** मिडटर्म चुनाव में 5 भारतवंशी जीते, सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के मेंबर, ट्रम्प ने विवेक रामास्वामी का प्रचार किया, फिर भी हार गए
- **होर्मुज** से भारतीय जहाजों को गुजरने देगा ईरान, 8 महीने से बंद था रास्ता, इसी रूट से 40% कच्चा तेल मंगाता है भारत
- **ईरान** की मस्जिदों में परमाणु बम बनाने की मांग उठी, कट्टरपंथी नेता बोले- इसके बिना सुरक्षित नहीं अली खामेनेई ने फतवा निकालकर रोक लगाई थी

व्यापार

- **सोना** 4046 रुपये और चांदी 9708 रुपये महंगी हुई
- **अमूल** घी 50 रुपए महंगा
- **माइक्रोसॉफ्ट** के बाद अब कॉस्ट कटिंग की राह पर गूगल, 5 देशों में कर्मचारियों को पैसे लेकर नौकरी छोड़ने का ऑफर

कार्टून..



लद्दाख के कारगिल में

सेना का वाहन 600 फीट गहरी खाई में गिरा, दो जवानों की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लद्दाख

लद्दाख के कारगिल में बुधवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर करीब 600 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई।

दुर्घटना दोपहर करीब 1:30 बजे कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामिका ला दर्रे के पास हुई। वाहन में केवल दो सैनिक सवार थे। दोनों की हादसे में मौत हो गई। बचाव दल ने खाई से दोनों जवानों के शव बरामद किए और पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

टीएमसी विधायक के ऑफिस से 1.02 करोड़ जब्त

सीएम शुभेंदु अधिकारी बोले- यह तो बड़े भ्रष्टाचार का छोटा हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय से पुलिस ने 1.02 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है।

ये ऑफिस बागी टीएमसी विधायक शमीम अहमद का बताया जा रहा है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने राज्य का सारा राजस्व हड़प लिया था। यह तो बड़े भ्रष्टाचार का छोटा हिस्सा है। टीएमसी ने कहा है कि पुलिस ने निगरानी में रखे गए कार्यालय में जानबूझकर झूठे सबूत प्लांट किए हैं।

अधिकारी ने कहा- यह उनकी रोज की कमाई

सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह पैसा उनके (ममता-अभिषेक) लिए यह कुछ भी नहीं है। यह उनकी रोज की कमाई थी।

डायमंड हार्बर के एडिशनल एसपी अभिषेक मजूमदार ने कहा कि यह छापा अभिषेक बनर्जी के गिरफ्तार सहयोगी सुमित रॉय से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पड़ा। रॉय कथित वित्तीय गड़बड़ी के मामले में पुलिस हिरासत में है।

अभिषेक बनर्जी पर भ्रष्टाचार के 3 बड़े आरोप



1. **कोयला तस्करी घोटाला:** पश्चिम बंगाल की खदानों से अवैध रूप से कोयला निकालकर बेचने वाले माफियाओं से करोड़ों रुपये का कमीशन (रिश्वत) लेने का आरोप।
2. **शिक्षक भर्ती (एसएससी) घोटाला:** बंगाल के सरकारी स्कूलों में योग्य उम्मीदवारों की जगह पैसे लेकर अयोग्य लोगों को नौकरी देने वाले रैकेट से जुड़े होने और पैसा लेने का आरोप।
3. **गौ-तस्करी मामला:** बांग्लादेश सीमा पर गायों की अवैध तस्करी करने वाले गिरोहों को राजनीतिक संरक्षण देने और उस काले धन का हिस्सा लेने का आरोप।



महाकाल श्रृंगार



राजा स्वरूप में श्रृंगार...रजत मुकुट-मुंडमाल धारण कर दिए दर्शन

अपनेतक

जुबान की चूक या सियासत का संकेत!

राजनीति में शब्द कभी-कभी भाषण से ज्यादा बड़ा संदेश दे जाते हैं। भोपाल में भाजपा के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जुबान से जेपी नड्डा के नाम के साथ 'मुदार्बाद' निकल जाना ऐसी ही घटना है। भले ही मुख्यमंत्री ने तत्काल अपनी गलती सुधार ली, लेकिन कैमरे में कैद हुआ यह क्षण अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है।

सवाल यह नहीं कि मुख्यमंत्री की जुबान क्यों फिसली, सवाल यह है कि सत्ता और संगठन के इतने बड़े मंच पर ऐसी चूक कैसे हो गई? मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए सार्वजनिक भाषा और शब्दों की मयार्दा का महत्व और बढ़ जाता है। विपक्ष को इस घटना पर तंज कसने का अवसर मिलना स्वाभाविक है। लेकिन इसे भाजपा की अंदरूनी कलह या शीर्ष नेतृत्व की नाराजगी का प्रमाण मान लेना भी जल्दबाजी होगी।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जिस मंच से कांग्रेस के खिलाफ राजनीतिक नारेबाजी हो रही थी, वहीं एक पल के लिए निशाना अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता बन गए। राजनीति में विरोधियों के लिए शब्दों का चयन सोच-समझकर होता है, लेकिन अपनों के लिए निकला एक गलत शब्द भी लंबे समय तक पीछा करता है। कहावत है कि जुबान से निकला शब्द और कमान से निकला तीर वापस नहीं आते। मुख्यमंत्री ने शब्द सुधार लिया, लेकिन अब इस घटना ने भाजपा के राजनीतिक मंच पर अनुशासन, सावधानी और भाषायी मयार्दा पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर युवाओं ने रखे विचार

उज्जैन। माय भारत उज्जैन के तत्वावधान में शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई कॉलेज) में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया गया। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निशा जैन ने प्रथम, राज भोगे ने द्वितीय और आदित्य भगत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित तीनों प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय युवा संसद में उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा संसद में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र-एक चुनाव के विभिन्न पहलुओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया और देश के भविष्य पर भाषण के माध्यम से अपने विचार रखे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सोशल मीडिया पर छाई

उज्जैन। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का प्रभाव सोशल मीडिया पर भी दिखने लगा है। यात्रा के प्रति लोगों की दिलचस्पी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 30 दिनों में दिग्विजय सिंह के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर कंटेंट को 2 करोड़ 40 लाख व्यूज मिले हैं। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल ने बताया कि इस अवधि में 22 लाख एंगेजमेंट दर्ज किए गए हैं और 52 हजार 959 नए फॉलोअर्स भी जुड़े हैं। सोशल मीडिया पर मिल रही यह प्रतिक्रिया यात्रा के प्रति बढ़ती जनरुचि और व्यापक जनसमर्थन का संकेत है। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, महिलाएं और सनातन धर्मावलंबी सहभागी बन रहे हैं।

इंदौर रोड पर बसों का कब्जा, संकरी हुई रोड

नानाखेडा बस स्टेण्ड के बाहर सडक पर बसों की लंबी कतार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर मे चारों,तरफ निर्माण,तोड फोड व सडकों पर ट्राफिक जाम अब आम समस्या हो गई है। बस संचालक मनमर्जी के मालिक बन ,मुख्य रोड पर ही बेरोकटोक बडी बडी बस पार्क कर रहे हैं। न तो यातायात पुलिस और न ही आर टी ओ विभाग इनकी कारगुजारियों पर रोक लगा पा रहा है। जब से बस स्टेण्ड नानाखेडा शिफ्ट हुआ है तभी से पं दीनदयाल उपाध्याय बस स्टेण्ड के बाहर मुख्य इंदौर रोड पर बसों की लंबी कतार प्रतिदिन देखी जा रही है। परिणामस्वरूप रोड पर बार बार ट्राफिक जाम भी हो रहा है और सडक संकरा हो जाने से दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ है। कुछ बस क्लीनर रोड पर ही बसों की सफाई भी करते रहते हैं।


यातायात पुलिस का लचर रवैया

शहर की यातायात पुलिस के लचर रवैये के चलते पूरे शहर का ट्राफिक अस्त व्यस्त बना हुआ है। मुख्य सडकों पर दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क होने से चौडी सडकें भी सिमटकर संकरी गलियों मे तब्दील नजर आती हैं। कमलानेहरू मार्ग, बख्तावर मार्ग शंकु मार्ग, अमरसिंह मार्ग व इंदौर रोड आदि स्थानों पर दिनभर मे कई बार वाहन जाम मे फंसे रहते हैं किन्तु मौके पर न तो कोई यातायात पुलिस कर्मी ट्राफिक को नियंत्रित करता नजर आता है । हर जगह ट्रेनी पुलिस जवान व युवतियां कोने मे मूक दर्शक बने खडे दिखते हैं।



दीनदयालजी की प्रतिमा के समीप विशालकाय क्रेनों का जमघट

आश्चर्य का विषय है कि ट्राफिक पुलिस अधिकारियों कॅ पं दीनदयाल की प्रतिमा के समीप रोड पर घंटो खडी विशालकाय क्रेन नजर नहीं आ रहीं। इन क्रेन के अनाधिकृत पार्किंग से बस स्टेण्ड जानेवालों को बहुत असुविधा हो रही है साथ ही इंदौर जानेवाले अपडाउनर्स को भी स्टाफ बस पकडने के लिए खडे रहने मे असुविधा हो रही है।आर टी ओ विभाग भी कभी औचक निरीक्षण करता नहीं नजर आता जिसका खामियाजा आमजन उठा रहा है।



नुक्कड़ नाटक से बच्चों को समझाया पॉक्सो एक्ट, न्यायाधीशों ने दी अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में 3 नवंबर को ऋषिनगर एक्सटेंशन स्थित कालिदास मांटेसरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। नालसा के 1 से 6 नवंबर तक चलने वाले 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्कूली बच्चों को बाल अधिकारों, साइबर अपराध और निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि विशेष न्यायाधीश हर्ष भदौरिया ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के साथ अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान बताई। उन्होंने साइबर अपराध और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की समझाइश देते हुए कहा कि किसी भी अनुचित घटना या व्यवहार की जानकारी बिना डरे अपने अभिभावकों या शिक्षकों को जरूर दें। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण सचिव गौरव प्रज्ञानन ने निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी परामर्श की जानकारी देते हुए बताया कि हर पात्र व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा ने बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अवंतिका यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ एंड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के विधि विद्यार्थियों द्वारा पॉक्सो एक्ट पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। असिस्टेंट प्रोफेसर दिव्या एन सैमुअल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने बाल सुरक्षा और लैंगिक अपराधों से संरक्षण जैसे जटिल कानूनी प्रावधानों को नाटक के जरिए सरल तरीके से समझाया।

धनतेरस पर कुबेरदेव की नाभि मे इत्र अर्पित करने की परंपरा

शहर मे धनकुबेर का अतिप्राचीन मंदिर

पुरातन धार्मिक नगरी मे बाबा महाकाल के पावन मंदिर के अतिरिक्त बहुत से देवी देवताओं के मंदिर भी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरातन धार्मिक नगरी मे बाबा महाकाल के पावन मंदिर के अतिरिक्त बहुत से देवी देवताओं के मंदिर भी हैं। अंकपात क्षेत्र मे महर्षि सांदीपनि आश्रम परिसर मे स्थित प्राचीन कुण्डेश्वर महादेव मंदिर के गर्भगृह मे काले पाषाण से निर्मित अतिप्राचीन धनकुबेर की मूर्ति विद्यमान है। कुबेरदेव को धन का देवता माना जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार मां लक्ष्मी ,धन की देवी हैं तो कुबेर धनकोष के स्वामी है यानि देवताओं के खजांची हैं। धन का रक्षक व प्रबंधक कुबेर को ही माना गया है। अतः धनतेरस पर आरोग्य के देवता धन्वंतरि के साथ ही कुबेरदेव की पूजन का धार्मिक विधान है।

कुण्डेश्वर महादेव मंदिर के अंदर धनकुबेर की मूर्ति बहुत ही सुन्दर है। मूर्ति मे धनकुबेर के चार हाथ हैं जिसमे दो हाथों मे धन की पोटली



है और एक हाथ मे सोमपात्र, व एक हाथ अभय मुद्रा मे है। मूर्ति मे नाभि स्पष्ट नजर आती है। मंदिर मे धनकुबेर के अलावा श्रीबालाजी, वामनदेव, श्रीनारायण व भगवान श्रीकृष्ण की गुरूमाता सुमुखी देवी की भी मूर्तियां हैं।

नाभि मे इत्र लगाने का विधान

धनकुबेर का ये मंदिर अतिप्राचीन है। धार्मिक मान्यतानुसार धनतेरस पर धनकुबेर की पूजा की जाती है। धनतेरस के एक दिन पूर्व कुबेरदेव का अभिषेक पूजन होगा तत्पश्चात उनका आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। धनतेरस के पावन दिन विशेष पूजनोपरांत श्रद्धालु कुबेरदेव की नाभि मे इत्र व घी के लेपन कर प्रार्थना करते हैं। सुख समृद्धि की कामना हेतु भक्त दूर दूर से कुण्डेश्वर महादेव मंदिर आते हैं।

पं शिवांग व्यास, कुण्डेश्वर महादेव मंदिर।

मालवा मे पाए जानेवाले बेसाल्ट से निर्मित है मूर्ति

कुबेरदेव की प्रस्तर प्रतिमा अतिप्राचीन है और अनुमानतः एक हजार वर्ष पुरानी है। मूर्ति मालवा मे पाए जानेवाले बेसाल्ट प्रस्तर से बनी हुई है। बेसाल्ट को ही भूरा बलुआ पत्थर भी कहा जाता है। कुबेरजी की मूर्ति परमारकालीन है। उस समय के शिल्पी ने इसे बहुत ही शिद्दत से गढा है।

डॉ रमण सोलंकी , पुरातत्व वेत्ता

रूस में 13,500 फीट की ऊंचाई से जंप लगाने वाली अमिता गौड़ का सम्मान

हौसले के कवच और दृढ़ संकल्प के धनुष-बाण हैं भारत के युवाः मालवीय



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा तरुणाई भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली ऊर्जा है। हौसले के कवच, अनुशासन के तीर और संकल्प एवं दृढ़ता के धनुष-बाण से सुसज्जित भारत के युवा हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। भारत की बेटियों ने कठिन से कठिन लक्ष्य हासिल कर नारी शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया है। यह बात जिला परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष मालवीय ने स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में आयोजित उड़न परी अमिता एल.एन. गौड़ के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उज्जैन की प्रतिभाशाली और साहसिक खिलाड़ी अमिता गौड़ ने रूस में 13,500 फीट की ऊंचाई से 25 सफल स्काईडाइविंग जंप लगाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर व्यायाम केंद्र में विशिष्ट खेल अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमिता को मालवी पगड़ी, दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी गोपाल माहेश्वरी ने की। विशेष अतिथि लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक थे। माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय नारी शक्ति ने आकाश की ऊंचाइयों से लेकर सागर की गहराइयों तक अपने शौर्य और सामर्थ्य का प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया है।

विक्रम विवि में पहली बार हुई संभाग स्तरीय पंजा कुश्ती

बारह से अधिक कॉलेजों के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में पहली बार संभाग स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एक दर्जन से अधिक महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब मेरठ में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों में विश्वविद्यालय में शूटिंग और पंजा कुश्ती जैसे खेलों को विशेष रूप से जोड़ा गया है।

पुरस्कार वितरण समारोह में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय खेलों



में पहली बार पंजा कुश्ती को शामिल किया गया है, जिसका सीधा लाभ अंचल के खिलाड़ियों को मिलेगा। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। कार्यक्रम में कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शैलेंद्र व्यास और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र चावरे ने भी खिलाड़ियों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 55 किलोग्राम में वीरेंद्र सिंह, 60 किलो में शिवम आंजना, 65 किलो में जय खेलोतिया, 70 किलो में संदीप परमार, 75 किलो में प्रिंस त्रिवेदी, 80 किलो में प्रभव शर्मा, 90 किलो में अक्षय पाटीदार, 110 किलो में कबीर खान और 110 किलो से अधिक वजन वर्ग में यावर अली विजेता रहे। लेफ्ट हैंड मुकाबले के 55 किलो वर्ग में यश प्रजापत और 60 किलो में जय चौहान ने जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में 90 किलो से अधिक में योगिता राज गोस्वामी, 80 किलो में रुकमा चौहान, 70 किलो में सलोनी उईके, 55 किलो में किरण सूर्यवंशी और 50 किलोग्राम वर्ग में अश्वनी निशाद विजेता रहीं।

भारतीय किसान संघ की बड़ी कार्रवाई, दो कार्यकताओं की प्राथमिक सदस्यता समाप्त

उज्जैन। भारतीय किसान संघ ने संगठन की रीति-नीति और विचारधारा के विपरीत कार्य करने पर उज्जैन तहसील के दो कार्यकताओं को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही दोनों की प्राथमिक सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है।

जिला कार्यालय पर आयोजित टोली बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना और जिला मंत्री ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि उज्जैन तहसील के कार्यकर्ता मुकेश शर्मा और शैलेन्द्र सिंह चावड़ा की कार्यप्रणाली लगातार संगठन की विचारधारा के विपरीत पाई जा रही थी। दोनों को कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कई अवसर दिए गए थे, लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

अक्षय धन की कामना से धनतेरस पर खरीदें ये वस्तुएं









ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर्व का आगाज कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी अथार्त धनतेरस से हो जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी व कुबेरदेव को प्रसन्न कर वर्षपर्य?त सुख व समृद्धि की कामना की जाती है। धार्मिक मान्यतानुसार इस दिन कुछ विशेष वस्तुएं खरीदना शुभ होता है। ऐसा माना जाता है कि उक्त वस्तुओं को घर लेकर आने से घर मे अन्न, धन ,वैभव की कभी भी कमी नहीं होती और भंडार सदैव भरे रहते हैं। इस दिन सुबह पवित्र स्नान के उपरांत बाजार से खडा धनिया खरीदकर लाना चाहिए क्योंकि धनिया, देवताओं के खजांची कुबेर को बहुत प्रिय है। इसके अतिरिक्त नमक खरीदना चाहिए क्योंकि श्वेत नमक शुभता का प्रतीक होता है। थोडी सी हल्दी खरीदने का भी विधान है क्योंकि हल्दी मंगल की सूचक है और लक्ष्मीजी को प्रिय है। कमलगट्टे व पवित्र कौडी भी खरीदना चाहिए।

दो झाडू अवश्य खरीदें

घर को स्वच्छ रखने मे झाडू या बुहारा का बहुत महत्व है और स्वच्छ स्थान ही लक्ष्मीजी को पसंद है। झाडू लक्ष्मीजी का प्रतिनिधित्व करती है इसलिए धन की देवी के प्रतीक स्वरूप दो झाडू , धनतेरस पर अवश्य खरीदें। दोनो झाडू पूजा स्थल पर रखें और दीपावली उपरांत एक झाडू घर मे रखें व दूसरी किसी मंदिर मे रख आएं।

बर्तन खरीदना शुभ

आरोग्य के देवता धन्वंतरि समुद्रमंथन के अवसर पर प्रकट हुए थे उस समय उनके एक हाथ मे अमृत से भरा पात्र था जो आरोग्य का नाश करता है। अतः घर मे सभी आरोग्य बने रहे इस प्रयोजन से धातु के पात्र धनतेरस के दिन खरीदने की परंपरा है।

आशा-सुपरवाइजर संघ की ओएसडी से वार्ता, नियमितीकरण पर मिला आश्वासन

भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में वल्लभ भवन में हुई बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आशा एवं आशा सुपरवाइजर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के वल्लभ भवन में स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी के साथ अहम बैठक की। इसमें मानदेय वृद्धि, नियमितीकरण और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषित एक हजार रुपए की राशि के एरियर सहित भुगतान जैसी प्रमुख मांगों पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर और आशा सुपरवाइजर संघ की प्रदेश महामंत्री सुमन पटेल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के सामने मानदेय का टुकड़ों में भुगतान होने की गंभीर समस्या रखी। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा, पेंशन और कार्यस्थल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी ने संघ की सभी न्यायोचित मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि मंत्री



के साथ विचार-विमर्श कर इन सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। आगे की चर्चा के लिए दिवाली के बाद प्रतिनिधिमंडल को दोबारा भोपाल बुलाया गया है। प्रदेश महामंत्री सुमन पटेल ने बताया कि संगठन कार्यकताओं के अधिकारों के लिए लगातार प्रयासरत है और आगामी बैठकों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

उज्जैन
गुरुवार
05
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

अबुद्धिमाश्रितानां तु क्षन्तव्यमपराधिनाम्।
न हि सर्वत्र पाण्डित्यं सुलभं पुरुषेण वै ॥

अर्थः अनजाने में जिन्होंने अपराध किया हो उनका अपराध क्षमा किया जाना चाहिए, क्योंकि हर मौके या स्थान पर समझदारी मनुष्य का साथ दे जाए ऐसा हो नहीं पाता है। भूल हो जाना असामान्य नहीं, अतः भूलवश हो गये अनुचित कार्य को क्षम्य माना जाना चाहिए।

खबर एक नजर...

शादी का झांसा देकर 4 साल तक संबंध बनाए, बैंक में हुई थी पहचान

इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में बैंक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान शिवम प्रजापति, निवासी झांसी (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे शादी का वादा कर संबंध बनाए, गर्भवती होने पर गर्भपात कराया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता पहले भी आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंची थी, जहां समझौता होने के बाद आरोपी उसे अहमदाबाद ले गया। वहां भी वह पीड़िता को छोड़कर भाग निकला। पीड़िता करीब चार साल पहले स्कीम नंबर 54 स्थित एक निजी बैंक में नौकरी के लिए गई थी। यहीं उसकी पहचान शिवम से हुई। पीड़िता के मुताबिक, शिवम ने उसे पसंद करने और शादी करने की बात कही। वर्ष 2023 में दोनों ने इसी क्षेत्र में किराए का कमरा लिया और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मार्च 2026 में वह एक माह की गर्भवती थी। तब शिवम उसे एक निजी अस्पताल ले गया और वहां उसे अपनी पत्नी बताकर गर्भपात कराया। इसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने विजयनगर थाने में शिकायत की तो आरोपी ने समझौता कर उसके साथ रहने की इच्छा जताई।

इंदौर को रेडियोलॉजी में नंबर वन बनाने की तैयारी

इंदौर। इंदौर ने वर्ष 1996 में विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाने की शुरूआत कर दुनिया को एक नई पहल दी थी। अब इसी पहचान के साथ शहर रेडियोलॉजी के क्षेत्र में भी नंबर वन बनने की तैयारी कर रहा है। रविवार को इंदौर में नेशनल रेडियोग्राफी वीक की शुरूआत हुई। आयोजन में रेडियोलॉजी में भी इंदौर रहेगा नंबर वन का संकल्प लिया गया। इसमें इंदौर संभाग सहित प्रदेश के 12 जिलों से करीब 200 रेडियोग्राफर, डार्क रूम अटेंडेंट, असिस्टेंट और पैरामेडिकल विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष की वैश्विक थीम अपहोल्डिंग पेशेंट केयर यानी मरीजों की देखभाल और सुरक्षा को सर्वोपरि रखना है। कार्यक्रम की शुरूआत एक्स-रे के आविष्कारक महान वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रॉन्टजन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। समारोह में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. पीएस त्रिपाठी, डॉ. गौरव भंडारी, डॉ. अमित शंखवार और डॉ. चंद्रजीत यादव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने मरीजों, आम लोगों और पैरामेडिकल स्टाफ की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

सरकारी अफसरों के एआई से बनाए फर्जी वीडियो

इंदौर। एआई तकनीक का गलत इस्तेमाल कर शासकीय अधिकारियों, सरकारी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े भ्रामक व आपत्तिजनक वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने मंगलवार को कृषि विभाग के उप संचालक की शिकायत पर कृषि क्रांति नाम के सोशल मीडिया पेज के एडमिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि एडमिन ने ये वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल किए। वीडियो में अधिकारियों से मिलते-जुलते चेहरे भी डीपफेक तकनीक से बनाए गए हैं। पंढरीनाथ पुलिस के मुताबिक, कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अधिकारी संदीप यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया गया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कृषि क्रांति नाम से एक पेज संचालित होता है। पेज के एडमिन ने अक टूल की मदद से शासकीय कर्मचारियों, सरकारी दफ्तरों, उनकी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े भ्रामक, आपत्तिजनक और मानहानिकारक वीडियो तैयार किए। इसके बाद इन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

दो साल से चोरी की बाइक चला रहा युवक गिरफ्तार

इंदौर। बुधवार को अरविंदो हॉस्पिटल के सामने चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने चोरी की बाइक चला रहे एक युवक को पकड़ा। बिना नंबर प्लेट की यामाहा बाइक लेकर जा रहे युवक ने पुलिसकर्मियों को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे पकड़ा और पीओएस मशीन से चेसिस नंबर स्कैन किया। जांच में पता चला कि बाइक जनवरी 2025 में तेजाजी नगर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। आरोपी की पहचान ललितपुर निवासी सोनू विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उसे आगे की कार्रवाई के लिए बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए एएसआई अवधेश शर्मा, आरक्षक विष्णु भदौरिया और सैनिक अजय बुधवार को अरविंदो हॉस्पिटल के सामने तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने बिना नंबर प्लेट की बाइक लेकर जा रहे युवक को रोकने का प्रयास किया। वह बाइक लेकर भागने लगा, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। जवानों ने पीओएस मशीन से बाइक का चेसिस नंबर स्कैन किया। इससे उसका असली रजिस्ट्रेशन नंबर और मालिक का नाम सामने आया। वाहन का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि जनवरी 2025 में तेजाजी नगर थाने में इसकी चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

रेत की बाल्टियां भी रखीं, राजबाड़ा पर प्रतिबंधित है फोर व्हीलर और ऑटो रिक्शा

पटाखा बाजार में सेफ्टी के लिए लगे फायर एक्सटिंग्विशर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में दीपावली पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर इंतजाम किए गए हैं। शहर के पटाखा बाजारों में सेफ्टी के लिए जहां फायर एक्सटिंग्विशर के साथ ही रेत की बाल्टियां भी रखी हैं। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी में यहां राउड लगाती है।

वहीं ट्रैफिक को लेकर भी ट्रैफिक पुलिस ने इंतजाम कर रखे हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र राजबाड़ा और आसपास के बाजारों की भीड़ को देखते हुए राजबाड़ा पर फोर व्हीलर, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा प्रतिबंधित की गई है।





साथ ही जरूरत पढ़ने पर टू व्हीलर को भी प्रतिबंधित कर दिया जाता है। इसके अलावा यहां पर पुलिस बल के साथ ही पेट्रोलिंग पार्टी भी लगातार गश्त करती है।

सामान सीमा में रखने की मुनादी- इसके अलावा यहां पर व्यापारियों और रेहडी-पटरी वालों को दुकान का सामान भी सीमा में रखने के लिए मुनादी की जाती है, ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चल सके। साथ ही त्योहार को देखते हुए जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती भी की गई है।

यहां लगे हैं पटाखा बाजार- इंदौर के पश्चिम क्षेत्र स्थिति रीजनल पार्क के पास खाली मैदान, राजीवगांधी के समीप देवी अहिल्या पटाखा मार्केट, राऊ, गोपुर चौराहा के पास मैदान, सिलीकॉन सिटी, देवगुराडिया पर पटाखा मार्केट लगे हुए हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से फायर एक्सटिंग्विशर और रेत की बाल्टियां रखी गई हैं।

व्यापारियों-ग्राहकों में उत्साह

पटाखा व्यापारी अमन वर्मा ने बताया दीपावली के पर्व पर व्यापारियों और ग्राहकों में भारी उत्साह है। खेरची की ग्राहकी भी बढ़ गई है। ग्राहकों में काफी उत्साह है। फेंसी पटाखों की ज्यादा डिमांड है। यूनिक पटाखे है जो बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कार-रेल के रूप में पटाखे भी हैं। प्रशासन की गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है। फायर एक्सटिंग्विशर, रेत की बाल्टियां और पानी के ड्रम दुकानों के बाहर रखे है। व्यापारी भावेश यादव अलग-अलग कंपनियों के पटाखों की डिमांड है। कलर वाला पटाखा ट्रेंडिंग में चल रहा है। दुकानों पर ग्राहकी अच्छी हो रही है। लोगों को हर तरह के पटाखे पंसद आ रहे हैं।

धार में 3 ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा, मकान-जमीन, जेसीबी, ट्रैक्टर और कार मिलीं

मैनेजर के पास मिली 3.32 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के तीन ठिकानों पर बुधवार सुबह 5 बजे शुरू हुई लोकायुक्त की कार्रवाई दोपहर 3:30 बजे पूरी हुई।

करीब 10 घंटे 30 मिनट चली कार्रवाई में 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। लोकायुक्त के मुताबिक, जांच में ठाकुर के पास आय के ज्ञात स्रोतों से करीब 700% अधिक अनुपातहीन संपत्ति मिली है। ज्वैलरी और नकदी मिलाकर लगभग 7 लाख रुपए मिले हैं।

लोकायुक्त के अनुसार, ठाकुर की वेतन और कृषि से कुल आय करीब 40 लाख रुपए है। जांच में 3 करोड़ 32 लाख 61 हजार 575 रुपए का अनुपातहीन व्यय सामने आया है। लोकायुक्त के आंकड़ों के मुताबिक, यह आय से 700% अधिक है। इस आधार पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

दो मंजिला मकान पर 97 लाख रुपए खर्च- जांच में सामने आया कि शेरसिंह ठाकुर ने ग्राम सोडपुर, नालछा में



0.1520 हेक्टेयर का भूखंड खरीदा। इस पर 2400 वर्गफीट में दो मंजिला मकान बनवाया। भूखंड की खरीद और मकान निर्माण पर 97 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। नालछा में मांडव रोड स्थित सोडपुर तिराहे पर 1350 वर्गफीट का एक और भवन खरीदा है। इसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है। इसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए है।

पत्नी के नाम पर भी कृषि जमीन- जांच में ठाकुर की पत्नी कविता के नाम पर भी कृषि भूमि खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है।

ग्राम सोडपुर, तहसील पीथमपुर में 0.645 हेक्टेयर जमीन 8 लाख रुपए में खरीदी गई। वहीं, ग्राम मांडव, तहसील पीथमपुर में 2.526 हेक्टेयर जमीन की खरीद पर 42 लाख रुपए खर्च हुए।

जेसीबी, ट्रैक्टर, कार और बुलेट भी मिलीं- लोकायुक्त के मुताबिक, ठाकुर के पास जेसीबी, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी, ऑल्टो कार, बुलेट और कृषि यंत्र-संयंत्र मिले हैं। इनकी अनुमानित कीमत 53 लाख रुपए है। ठाकुर से जुड़े एक अन्य बेनामी भवन की जानकारी भी मिली है। इसका सत्यापन किया जा रहा है।

घर के सामान की कीमत 1.22 करोड़

लोकायुक्त की जांच में घर के सामान की कीमत 1 करोड़ 22 लाख 69 हजार 200 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा सोना-चांदी और नकदी की कीमत 6 लाख 72 हजार 655 रुपए बताई गई है। नालछा स्थित मकान की इन्वेंट्री 1 लाख 14 हजार 450 रुपए और सोडपुर स्थित पैतृक मकान की इन्वेंट्री 6 लाख 35 हजार 340 रुपए दर्ज की गई है।

एसपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसमें डीएसपी आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और सचिन पटेरिया सहित 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। यह कार्रवाई लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश और डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

शिकार की ट्रॉफियों का फिर देना होगा हिसाब

350 मूर्तियां राजघरानों से लेकर निजी लोगों के पास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राजा-महाराजाओं के दौर में शिकार के बाद वन्यजीवों के अवशेषों से बनाई गई ट्रॉफियों का हिसाब वन विभाग अब 21 साल बाद फिर लेगा। वन विभाग के अनुसार मप्र में ऐसी कुल 350 ट्रॉफियां हैं, जिनमें सबसे अधिक इंदौर और भोपाल में हैं। इनमें तेंदुए और शेर के मुखौटे, उनकी खाल, चीतल के मुखौटे और हाथी दांत से बनी मूर्तियां शामिल हैं। इनका वन विभाग नए सिरे से पंजीयन शुरू करने जा रहा है।

विभाग का फोकस उन ट्रॉफियों पर है, जिनके मूल मालिकों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उत्तराधिकारियों ने अपने नाम पंजीयन नहीं कराया है। नियमों के मुताबिक मालिक की मृत्यु के 90 दिन के भीतर उत्तराधिकारी को वन विभाग को सूचना देकर नामांतरण कराना जरूरी है। नए सिरे से पंजीयन कराने के लिए आवेदकों को पूर्व ट्रॉफी मालिक का कानूनी उत्तराधिकारी होने के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि मूल मालिक की मृत्यु के 90 दिन से अधिक समय बीत चुका है तो ट्रॉफी के स्वामित्व और जब्ती का निर्णय भोपाल स्थित वन्यजीव इकाई प्रमुख करेगी। अब केवल ट्रॉफी विरासत में मिलने का दावा पर्याप्त नहीं होगा, उसके कानूनी दस्तावेज भी देने होंगे। 2018 में राजगढ़ कोठी से जब्त की थीं 15 से ज्यादा ट्रॉफियां- वर्ष 2018 में वन विभाग ने राजगढ़ कोठी में रहने वाले राजा वर्णादित्य सिंह के घर से 15 से अधिक वन्यजीव ट्रॉफियां जब्त की थीं। ये सभी ट्रॉफियां उन्हें अपने दादा-परदादा से विरासत में मिली थीं, लेकिन इनका वन विभाग में पंजीयन नहीं कराया गया था।

लोहे की प्लेट में सुराख, सुरक्षा जालियां और पैनल टूटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर कलेक्टोरेट के पास पैदल राहगीरों को सुरक्षित सड़क पार कराने के लिए बनाया गया फुट ओवरब्रिज खुद असुरक्षित होता जा रहा है। ब्रिज की लोहे की सीढ़ियां जंग से सड़ रही हैं। कई जगह प्लेट में छेद हो गए हैं। ब्रिज के निचले हिस्से में लगी लोहे की प्लेट और उन्हें सहारा देने वाले गर्डर पर भी जंग की मोटी परत जम गई है। कई स्थानों पर लोहे की सतह उखड़ने लगी है। ब्रिज के दोनों ओर लगे सुरक्षा पैनल टूट चुके हैं। कुछ पैनल आधे लटक रहे हैं तो कुछ के बड़े हिस्से गायब हैं। ऊंचाई पर सुरक्षा घेरा क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों के लिए खतरा है। ब्रिज के नीचे व्यस्त सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में ऊपर से कोई टूटा हिस्सा या मलबा गिरने की आशंका है। ब्रिज के दोनों ओर लगी लोहे की सुरक्षा जालियां कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हैं। जालियों के तार टूटकर बाहर निकले हुए हैं। सुरक्षा के लिए लगाई गई बड़ी प्लेट जगह-जगह से टूट चुकी हैं। कई प्लेट के निचले हिस्से पूरी तरह गायब हैं। कुछ स्थानों पर इतने बड़े सुराख हैं कि उनसे नीचे की सड़क साफ दिखाई देती है। इससे ब्रिज पर आने-जाने वालों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

उज्जैन-गरोठ हाईवे के निर्माण में एनएचएआई अफसरों और निर्माण कंपनी जीएचवी की बड़ी लापरवाही

फास्टैग ब्लैकलिस्ट बताकर निजी खातों में राशि ले रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

उज्जैन-गरोठ हाईवे के निर्माण में एनएचएआई अफसरों और निर्माण कंपनी जीएचवी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 2600 करोड़ रुपए की लागत से बने इस हाईवे पर ट्रैफिक शुरू होने से पहले ही देवास रोड से लगा 500 मीटर हिस्सा धंस गया, जिसे पूरी तरह से तोड़ने की नौबत आ गई है।

आगर रोड के ऊपर बने हिस्से की पैनल तिरछा होकर गिरने की स्थिति में पहुंचने पर जिम्मेदारों ने इसे बचाने के लिए हाईवे में 13-14 कीलें (सरिये) ठोक दिए। एनएचएआई इसे ह्यसॉइल नेलिंगह्ल तकनीक बता रहा है।

इसके अलावा, कालियादेह पैलेस के पास हाईवे की एक साइड धंसने से



ब्लॉक बिखर गए, जिसे छिपाने के लिए 25 फीट लंबा नया सीमेंट-कॉन्क्रीट का ब्लॉक बनाकर टेका लगाया गया है। एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिवम शर्मा के अनुसार सॉइल नेलिंग संरचना को मजबूती देने की एहतियाती इंजीनियरिंग प्रक्रिया है।

20 से 30 हजार वाहन गुजरते हैं रोज- टोल कर्मचारियों पर निजी कारों से निर्धारित 30 रुपए के बजाय 40 से 70 रुपए तक वसूलने का भी आरोप है। स्थिति यह है कि टोल प्लाजा का बूम बैरियर भी ठीक से काम नहीं कर रहा। कुछ कर्मचारी बैरियर के पास बाइक अड़ाकर खड़े दिखाई दिए।

मामले में जब एमपीआरडीसी के डिवीजनल मैनेजर गगन भाभर से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस टोल नाके से रोजाना 20-30 हजार वाहन गुजरते हैं। पीक सीजन जैसे सावन माह आदि में ये संख्या 80 हजार तक भी पहुंच जाती है।

इंदौर-उज्जैन टोल का संचालन फिलहाल मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) सीधे कर रहा है। इससे पहले भी यहां टोल की राशि दो बार कटने सहित कई तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

देश में पांचवें नंबर पर मध्य प्रदेश, अमेरिका में भारतीय दवाओं की ज्यादा वैल्यू

इंदौर से दुनिया तक पहुंचेगी मप्र की दवाएं:फार्मा एक्सपोर्ट बढ़ाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमपी का फार्मा उद्योग अब घरेलू कारोबार के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में है। प्रदेश पहले ही फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट में देश में पांचवें स्थान पर है, लेकिन इंदौर, पीथमपुर और उज्जैन जैसे औद्योगिक केंद्रों की मौजूदा क्षमता को देखते हुए निर्यात की संभावनाएं इससे कहीं अधिक हैं। इसके लिए उद्योगों ने निर्यात की राह में आने वाली सरकारी प्रक्रियाओं और लागत संबंधी बाधाओं को दूर करने की मांग की है।

फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया, उद्योग संगठनों और सरकारी विभागों के बीच हुई बैठक में उद्योगपतियों ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। इनमें निर्यात के लिए एनओसी की प्रक्रिया सरल करना, सब्सिडी की शर्तों में राहत देना और मध्य प्रदेश में आधुनिक फार्मा पार्क विकसित करना शामिल है। इन मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए उद्योगों की ओर से मेमोरेंडम तैयार किया जा रहा है। उद्योगों का मानना है कि इन बाधाओं के दूर होने से मालवा क्षेत्र की फार्मा कंपनियां विदेशी बाजारों में कारोबार बढ़ा सकेंगी। इसका लाभ दवा निर्माण के साथ कच्चे माल, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और रोजगार के क्षेत्र में भी मिल सकता है। उद्योगों के सामने अब चुनौती उत्पादन बढ़ाने से ज्यादा



विदेशी बाजारों तक आसान पहुंच बनाने की है। खासकर एमएसएमई कंपनियों को निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं में राहत मिलने से नई इकाइयां भी अंतरराष्ट्रीय कारोबार शुरू कर सकती हैं।

अमेरिका वैल्यू में आगे, अफ्रीका में बड़ी मांग- भारतीय दवाओं के निर्यात में अमेरिका मूल्य के लिहाज से सबसे बड़ा बाजार है, जबकि मात्रा के लिहाज से अफ्रीकी देशों में भारतीय दवाओं की बड़ी मांग है। इंदौर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से भी अफ्रीकी देशों को दवाओं का निर्यात किया जाता है। ऐसे में मालवा की कंपनियों के लिए इन बाजारों में विस्तार की संभावनाएं हैं। अलग-अलग देशों में दवाओं के आयात और बिक्री के नियम अलग होते हैं। कहीं उत्पाद रजिस्ट्रेशन जरूरी है तो कहीं गुणवत्ता प्रमाणन और विशेष दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उद्योगों को इन प्रक्रियाओं की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया, ताकि वे विदेशी बाजारों की जरूरतों के अनुरूप कारोबार कर सकें। नारकोटिक और नियंत्रित श्रेणी की दवाओं के निर्यात के लिए विशेष अनुमति और नियामकीय प्रक्रियाओं का पालन करना होता है। इस विषय पर सीबीएन विभाग के अधिकारियों ने उद्योग प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उद्योगों के लिए यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन दवाओं के निर्यात में सामान्य उत्पादों की तुलना में अधिक नियामकीय औपचारिकताएं होती हैं।

देश में पांचवें नंबर पर एमपी, मालवा बना फार्मा हब

फार्मेक्सिल के सीओए मेंबर अमित चावला ने बताया कि मध्य प्रदेश फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट में देश में पांचवें स्थान पर है। प्रदेश का फार्मा उद्योग मुख्य रूप से मालवा क्षेत्र में केंद्रित है। इंदौर में करीब 50 फार्मा फैक्ट्रियां हैं, जबकि पीथमपुर में इनकी संख्या इससे भी अधिक है। उज्जैन में भी दवा निर्माण की कई इकाइयां संचालित हैं। इन क्षेत्रों में दवा उत्पादन के साथ कच्चे माल, पैकेजिंग और सप्लाई से जुड़ा कारोबार भी विकसित हुआ है।

एनओसी की जटिल प्रक्रिया से एमएसएमई परेशान

फार्मा उद्योगों की सबसे बड़ी मांग निर्यात के लिए जरूरी ठउठ प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान बनाने की है। विशेष रूप से नियंत्रित श्रेणी की दवाओं के कारोबार में अलग-अलग विभागों की अनुमतियों की जरूरत पड़ती है। उद्योगपतियों का कहना है कि दस्तावेजी औपचारिकताओं और मंजूरी में लगने वाले समय से कारोबार प्रभावित होता है। बड़ी कंपनियों के पास इन प्रक्रियाओं के लिए अलग संसाधन होते हैं, लेकिन छोटी इकाइयों के लिए यह अतिरिक्त खर्च और परेशानी का कारण बनता है।

सब्सिडी की शर्तें व्यावहारिक हों तो बढ़ेंगे निर्यातक

इंदौर में सप्ताहभर पहले हुई फार्मेक्सिल की बैठक में देशभर के फार्मा उद्योग प्रतिनिधियों ने निर्यात बढ़ाने के अवसरों और कारोबार में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हुई बैठक में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, उत्पाद रजिस्ट्रेशन, प्रमाणन और विदेशी बाजारों में कारोबार विकसित करने की लागत पर भी बात हुई। अमित चावला ने बताया कि इन प्रक्रियाओं पर होने वाला खर्च एमएसएमई इकाइयों के लिए बड़ी चुनौती है। उद्योगपतियों ने निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की सब्सिडी संबंधी शर्तों को व्यावहारिक बनाने की मांग की, ताकि अधिक से अधिक छोटी कंपनियां इनका लाभ ले सकें। फार्मेसिएल की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी भी उद्योगों को दी गई। डीजीएफटी के अधिकारियों ने निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया, ताकि कंपनियां उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

खबर एक नजर...

हैदराबाद जा रही बस में 30 लाख की चरस पकड़ी

भोपाल। भोपाल से दिल्ली होते हुए हैदराबाद जा रही यात्री बस में सफर कर रहे एक युवक को गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त टीम ने करीब एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है। बुधवार शाम को गोविंदपुरा थाने के पास बस रुकवाकर यात्रियों की जांच की गई थी। इस दौरान एक युवक के बैग से मादक पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शिजान खान (25) निवासी केरल के रूप में हुई है। कार्रवाई के बाद आरोपी को आगे की जांच और पूछताछ के लिए एनसीबी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, यात्री बसों के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी की आशंका को देखते हुए एनसीबी के साथ मिलकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली थी कि दिल्ली से हैदराबाद जा रही एक यात्री बस में एक युवक चरस लेकर सफर कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए गोविंदपुरा पुलिस और एनसीबी की संयुक्त टीम ने बस को थाने के पास रुकवाया। इसके बाद यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली गई।

अधिकार दिलाने 3500 किलोमीटर पदयात्रा...:10 दिसंबर को श्योपुर से शुरूआत

श्योपुर। एकता परिषद ने आदिवासियों के भूमि अधिकार और आत्मनिर्भरता के लिए नया मॉडल पेश किया है। करीब 25 साल पहले श्योपुर से रायगढ़ तक हुई पदयात्रा के बाद जिन परिवारों को जमीन के पट्टे मिले थे, अब उनके जीवन में आए बदलाव और जमीन पर कब्जे का आकलन होगा। इसके लिए 10 दिसंबर को श्योपुर जिले के एकतापुर से 3500 किमी की पदयात्रा शुरू होगी। गांधीवादी विचारक और एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजगोपाल पीवी ने दैनिक भास्कर से बातचीत में आदिवासियों के भूमि अधिकार और आत्मनिर्भरता के लिए ह्यलैंड ट्रस्टह्ल नए मॉडल का खाका साझा किया। उनके मुताबिक, इस पर फिल्म बनेगी। राजगोपाल पीवी ने बताया कि आदिवासियों को पट्टा मिलने के बाद भी महंगे ट्रैक्टर-खाद की वजह से खेती न कर पाने और दबंगों के डर से होने वाले पलायन को रोकने के लिए ह्यसंवाद, संघर्ष और रचनाह्ल का त्रि-आयामी मॉडल लागू किया जा रहा है।

घर से 8 लाख के पटाखे पकड़े, स्टॉक और बेचने पर मकान मालिक के खिलाफ केस

देवास। देवास की चंद्रतारा कॉलोनी में बुधवार रात नाहर दरवाजा पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर लाखों रुपए के पटाखे जब्त किए। पुलिस को सूचना मिली थी कि रिहायशी इलाके में बिना अनुमति के पटाखों का अवैध स्टॉक किया गया है और वहीं से उनकी बिक्री भी की जा रही है। खबर मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली और बड़े पैमाने पर पटाखे जब्त किए। नाहर दरवाजा पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई रात 8 बजे से लेकर 10 बजे के बीच की। पुलिस ने मौके से करीब 8 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए हैं, जिनमें लगभग 70 अलग-अलग तरह की वैराइटी शामिल हैं। यह कार्रवाई चंद्रतारा कॉलोनी निवासी रजत अग्रवाल के निजी मकान पर की गई, जहां एक कमरे में पटाखों का भारी स्टॉक छिपाकर रखा गया था। नाहर दरवाजा थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि आरोपी रजत अग्रवाल अपने मकान में पटाखों का अवैध रूप से भंडारण कर उन्हें बेच रहा था। पुलिस ने पटाखों का पूरा स्टॉक कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने साफ किया कि शहर में अवैध रूप से पटाखों का स्टॉक करने और बेचने वालों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।।

बरकोटी घाटी: यहां हाई-वे पार करते हैं वन्यजीव

सागर। एनएच-44 स्थित बरकोटी घाटी वन्यजीवों के लिए मौत की घाटी बन गई है। हाल ही में तेंदुए की मौत व बाघ के घायल होने के अलावा पूर्व में ट्रक की टक्कर से 7-8 गायों की भी मौत हो चुकी है। चालक 400 मीटर की ढलान पर डीजल बचाने के लिए भारी वाहनों को न्यूट्रल कर देते हैं, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर हादसों का कारण बनते हैं। घायल बाघ का इलाज भोपाल वन विहार में जारी है। एनएचएआई के पूर्व कंसल्टेंट इंजी. रवि पटेल के अनुसार घाटी पर पर्याप्त ऊंचाई व प्राकृतिक नाला होने से एनटीसीए की गाइडलाइन के तहत पेंच टाइगर रिजर्व की तर्ज पर चौड़ा अंडरपास बनाया जा सकता है। डीएफओ दक्षिण वरुण यादव, डीएफओ उत्तर चंद्रशेखर व प्रोजेक्ट डायरेक्टर मृदुल मिश्रा के मुताबिक एनएचएआई को पत्र लिखकर उपयुक्त लोकेशन व फेंसिंग की प्लानिंग की जा रही है।

गोली मारकर हत्या के आरोपी का फूलों से स्वागत

सतना। सतना में हत्या के एक मामले में आरोपी को 14 महीने जेल में रहने के बाद मंगलवार को जमानत मिल गई। जेल से बाहर आते ही 23 साल के मान सिंह उर्फ बेटू सिंगरौल ने अपने साथियों के साथ जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। समर्थकों ने जेल के गेट पर ही उसे फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद आरोपी बोलेरो गाड़ी के

राहुल गांधी की राजनीति 'हिट एंड रन'; सीएम ने कहा- जनता माफ नहीं करेगी

कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है: जेपी नड्डा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में बुधवार को भाजपा ने ह्यलोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओह्ल पदयात्रा निकाली। इस दौरान अटल पथ पर सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। इमरजेंसी का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि मैं खुद इसका भुक्तभोगी हूं। उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन देश को अस्थिर करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अपमान करने और चुनाव आयोग को अपनी जेब की पुड़िया समझने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जब-जब न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ फैसला दिया, पार्टी ने न्यायाधीशों और न्यायालय का अपमान किया। आपातकाल इसका गवाह है।



नड्डा बोले- कांग्रेस समझ चुकी, सत्ता में नहीं आने वाली

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कांग्रेस समझ चुकी है कि जनता उसे आने वाले 20-30 साल तक सत्ता में आने का मौका नहीं देने वाली। इसलिए वह चुनाव में हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही है। नड्डा ने राहुल गांधी की राजनीति को 'हिट एंड रन' बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में वोट चोरी के आरोप लगाए गए, लेकिन जब चुनाव आयोग ने हलफनामे के साथ सबूत मांगे तो कांग्रेस पीछे हट गई। नड्डा ने ईवीएम पर सवाल उठाने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने ईवीएम हैक करने की चुनौती दी थी, लेकिन कांग्रेस का कोई नेता सामने नहीं आया। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दी कि ईवीएम और बैलेट पेपर पर सवाल उठाने के बजाय आत्मचिंतन करें।

सीएम बोले- कांग्रेस ने कोर्ट और जजों का अपमान किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अपमान करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। जब-जब न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ फैसला दिया, पार्टी ने न्यायाधीशों और न्यायालय का अपमान किया। आपातकाल इसका गवाह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में सत्ता चलाई, लेकिन अब सत्ता नहीं मिल रही तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। मोदी जनता के बीच रहने वाले और उसके दिलों पर राज करने वाले नेता हैं। जेपी नड्डा भोपाल में अटल पथ से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा में शामिल होने के बाद सीएम हाउस पहुंचे।

पुलिस ने हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया

चार पिस्तौल एक देसी कट्टा सहित चार मैगजीन बरामद, कोर्ट पेश कर आरोपियों को रिमांड पर लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल की हनुमानगंज पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चार पिस्टल, एक देशी कट्टा, 5 मैगजीन और 7 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, 3 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंधी कॉलोनी चौराहे के पास एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन और दो कारतूस मिले। उसकी पहचान टोल वाली मस्जिद के पीछे तलैया निवासी फरमान मोहम्मद (32) के रूप में हुई। बुधवार की शाम पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पूछताछ में बताया साथी का नाम- पूछताछ में फरमान ने अपने साथी ऐशबाग निवासी अतीक उर्फ बबलू (49) के बारे में बताया। पुलिस ने अतीक को भी हिरासत में लेकर तलाशी ली। उसके पास से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन मैगजीन और पांच कारतूस मिले।

मनावर में खेत से गांजे के 150 पौधे किए जब्त

कपास और तुअर की फसल के बीच हो रही थी खेती; 54.12 लाख कीमत, मालिक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

धार जिले के मनावर में पुलिस ने अवैध गांजे की खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज बुधवार को 150 हरे पौधे जब्त किए हैं। ग्राम करौंदिया खुर्द में कपास और तुअर की फसल के बीच गांजे की खेती की जा रही थी। जब्त पौधों का वजन 4 क्विंटल 51 किलो और अनुमानित कीमत 54 लाख 12 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने खेत मालिक मुन्ना गावड़ (38) को मौके से गिरफ्तार किया है।

मनावर थाना प्रभारी राजेश यादव ने बुधवार शाम 6:30 बजे बताया कि 4 नवंबर को उमरबन चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम करौंदिया खुर्द के एक खेत में कपास और तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने खेत में दबिश दी। यहां से गांजे के 150 हरे पौधे बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस ने खेत मालिक मुन्ना गावड़ पिता खुमसिंह गावड़ निवासी करौंदिया खुर्द के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, ऑपरेशन प्रहार के तहत पिछले दो महीने में अवैध गांजे की खेती के खिलाफ यह 10वीं कार्रवाई है।



एसपी के निर्देशन में चल रहा अभियान

जिला पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन और मनावर एसडीओपी प्रदीप वाल्टर के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की खेती, खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में उमरबन चौकी उपनिरीक्षक प्रकाश अलावा, प्रधान आरक्षक आमिर अंसारी, ललित कुमरावत और आरक्षक गंगाराम व शैलेन्द्र का योगदान रहा।

माफिया के खिलाफ पुलिस के बेहाल

120 की रफ्तार से भाग रहे तस्कर, पुलिस के खटारा रास्ते में हो रहे खराब



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

देवास में टीआई दिलीप पुरी की हत्या के बाद पुलिस सुरक्षा सवालों के घेरे में है। अफीम, एमडी, डोडाचूरा और शराब माफिया के प्रमुख रूट रतलाम, मंदसौर, नीमच में पड़ताल की तो हालात चिंताजनक निकले। खासकर ड्रग्स की तस्करी में शामिल तस्कर/माफिया के पास क्रेटा, वर्ना, थार जैसी लक्जरी गाड़ियां है। वे 120 से 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भागते है, जबकि पुलिस के पास वर्ष 2000 से 2005 के बीच खरीदे पुराने मॉडल की बोलेरो है, जो 80 किमी से अधिक रफ्तार नहीं पकड़ती और जबरन चलाएं तो एक्सेल या कुछ और टूट जाता है।

वाहन ही नहीं हथियार, सुरक्षा संसाधन और फंडिंग के मामले में भी पुलिस माफिया से बहुत पीछे है। सिर्फ ये ही नहीं बॉर्डर की पुलिस चौकियों में तो कार, जीप जैसी सुविधा तक नहीं है। संसाधन बढ़ाने के बजाय घटाए जा रहे हैं। चार महीने पहले तक जिलेभर में 6 वाहन अधिग्रहण करने के पावर थे जो अब 3 वाहन तक सीमित कर दिए।

पुलिस के पास पिस्टल सहित अन्य जरूरी हथियार और बलवा जैकेट तो है लेकिन तस्करों का पीछा करने के लिए वाहन रूपी रफ्तार ही नहीं है। लगभग सभी थानों में 45 % बल कम है।

दबिश देने निकले, थान वाहन का एक्सल टूटा, 112 बुला कर खाली हाथ लौटे : रिंगनोद, कालूखेड़ा के अलावा बरखेड़ाकलां, नामली, रावटी, शिवगढ़ व आलोट थाने के बोलेरो वाहन खराब स्थिति में है। 31 अक्टूबर को ही तस्करी की सूचना पर जा रही रिंगनोद पुलिस का वाहन शक्करखेड़ी समीप खराब हो गया तो पुलिस को डायल 112 बुलाकर वापस लौटना पड़ा और तस्कर भाग गए सो अलग।

मप्र पुलिस मुख्यालय एवं परिवहन विभाग के मानक नियम है कि बोलेरो, जिप्सी, सूमो जैसे पुलिस वाहन 2 लाख किमी चलने पर या स्थिति अनुसार 10 से 15 साल के बाद कंडम मान लिया जाता है लेकिन ज्यादातर थाना प्रभारी वर्ष 2000 से 2005 के बीच के बोलेरो में सवारी कर रहे और वे भी 3 से 4 लाख किमी चल चुके है। बाइक के लिए भी 1.20 लाख किमी या 7 साल अवधि तय है।

तस्करों के पास आधुनिक हथियार व लग्जरी गाड़ियां



दिल्ली-मुंबई 8-लेन शुरू हुए ढाई साल बीतने के बाद भी सुरक्षा के लिए प्रस्तावित सीआईएसएफ की तैनाती नहीं हो सकी है। कुंडा-दानपुर अंतरराज्यीय सीमा पर सीसीटीवी और स्थायी पुलिस चौकी न होने से रतलाम व मंदसौर से अफीम, डोडाचूरा और एमडी की तस्करी राजस्थान के बांसवाड़ा और गुजरात के हिम्मतनगर तक बेखौफ हो रही है।

तस्करों के पास 8 राउंड वाली पिस्टल, 5-8 गोलियां चलाने वाले आधुनिक हथियार, नाकाबंदी तोड़ने के लिए लोहे के गार्ड लगे ट्रक और हुंडई क्रेटा जैसी तेज रफ्तार लग्जरी गाड़ियां हैं। वहीं पुलिस एसएलआर व 3-राउंड वाली इंसास के भरोसे है और बुलेटप्रूफ जैकेट तक नहीं हैं। जनवरी में 8-लेन पर डोडाचूरा से भरे ट्रैक्टर का पीछा करते समय रावटी थाने के जवान बहादुरसिंह दांगी घायल हो गए थे।

स्कूली वाहनों में ओवरलोडिंग: हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

बच्चों को भूसे की तरह ठूंस रहे स्कूल वाहन, कागजों में नहीं, सड़कों पर दिखनी चाहिए कार्रवाई'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने स्कूली वाहनों में ओवरलोडिंग और नियमों की धज्जियां उड़ाने के मामले पर सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन द्वारा पेश की गई पालन प्रतिवेदन (एक्शन टेकन) रिपोर्ट पर गहरी नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा है कि ₹हम सब जानते हैं कि स्कूली वाहनों में बच्चों को भूसे की तरह भरा जा रहा है। प्रशासन कागजी आंकड़े न दिखाए, कार्रवाई धरातल और सड़कों पर दिखनी चाहिए।

कोर्ट ने इस बात पर भी कड़ा ऐतराज जताया कि वर्ष 2017 के आदेश के तहत नियमित स्टेटस रिपोर्ट पेश की जानी थी, लेकिन 2019 के बाद से कोई रिपोर्ट दाखिल ही नहीं की गई। अदालत ने चेतावनी दी कि प्रशासन को जगाना कोर्ट का काम नहीं है; यदि अधिकारी सतत पालन का शपथ-पत्र पेश नहीं करते, तो यह सीधे तौर पर अवमानना का मामला बनता है।

अवधेश सिंह भदौरिया द्वारा दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान आरटीओ और पुलिस प्रशासन की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें यह बताया गया है। 190 लाइसेंस सस्पेंडः नियमों का उल्लंघन करने वाले 190 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

अक्टूबर में चालानी कार्रवाई

परिवहन विभाग और पुलिस के संयुक्त अभियान में क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने, बिना परमिट, बिना फिटनेस और बीमा के दौड़ रहे 87 वाहनों के चालान काटे गए। इससे पहले भी 83 और 38 चालान बनाए जा चुके हैं।

फिटनेस स्टेशन को निर्देश

चारों ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों को सख्त हिदायत दी गई है कि जिस ऑटो में अतिरिक्त सीट या फट्टी लगी हो, उसे फिटनेस सर्टिफिकेट न दिया जाए। ऐसे वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा रहा है।

नाबालिगों की डिलीवरी में खेल... प्रसव का रिकॉर्ड नहीं, 2 बच्चे नर्सों के पास मिले... मानव तस्करी का संदेह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम के ग्रामीण इलाकों में नाबालिगों की डिलीवरी कराकर उनके नवजात बच्चों को नर्सों के पास रखने के मामले सामने आए हैं। दैनिक भास्कर की पड़ताल में ऐसे 2 मामले उजागर हुए हैं, जिनमें सरकारी अस्पतालों की नर्सों ने बच्चों को अनधिकृत रूप से अपने पास रखा। इससे नवजातों की खरीद-फरोख्त और मानव तस्करी की आशंका गहरा गई है। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने भी मानव तस्करी का संदेह जताया है। भास्कर ने रतलाम एसपी अमित कुमार को दस्तावेज सौंपे तो पुलिस ने नर्स से एक बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू किया। डॉक्टर को एफआईआर की धमकी... राजापुरा माताजी स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रोहित ने सितंबर में विभागीय वॉट्सऐप ग्रुप पर शिकायत की थी। इसमें बताया था कि अस्पताल में नियमों के खिलाफ नाबालिगों की डिलीवरी कराई जा रही है और उनके नवजात बच्चों को नर्सें अपने पास रख लेती हैं। उन्होंने स्पष्ट लिखा था कि उनके अस्पताल में नियम विरुद्ध काम हो रहा है और नाबालिगों की डिलीवरी कराकर उनके नवजात बच्चों को खुद रख लिया जाता है। डॉक्टर का आरोप है कि जब उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर लिखित शिकायत दर्ज कराई, तो उन्हें एफआईआर दर्ज कराने की धमकी मिली।

हस्तशिल्प, घरेलू सामान-देशी उत्पाद के 200 स्टॉल रहे; हजारों लोगों ने खरीदे

भोपाल के एमवीएम ग्राउंड में 12 दिन चला स्वदेशी मेला

देश को मजबूत बनाने के लिए समाज को भी आगे आना होगा-मिश्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के एमवीएम ग्राउंड में 12 दिन चले स्वदेशी मेले का समापन हो गया है। बुधवार रात को राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मेले में पहुंचे। इस मेले में देशभर के स्वदेशी उत्पादों, हस्तशिल्प, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स के 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए। मेले में खरीदारी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहे। स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेले का आयोजन किया गया। आयोजकों के मुताबिक, मेले में कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिला। इसके जरिए युवाओं, महिलाओं और नए उद्यमियों को भी स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मेले में पहुंचे सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि भोपाल का गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति रही है। शहर में स्वदेशी मेले के आयोजन की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। स्वदेशी जागरण मंच का सराहनीय प्रयास हैं। उनकी इच्छा है कि इसी तरह के स्वदेशी मेले मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में आयोजित किए जाएं। ऐसे आयोजन अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों और उनके प्रयासों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने भोपाल में अपने कार्यकाल के दौरान भोपाल मेले की शुरूआत का उल्लेख करते हुए कहा कि अब शहर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी मेले का आयोजन होना प्रसन्नता की बात है। उन्होंने सुझाव दिया कि आने वाले समय में रानी कमलापति की स्मृति में भी मेले का आयोजन किया जाना चाहिए। भाजपा मध्य प्रदेश के मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा ने कहा कि वर्ष 1991 में जब पूरी दुनिया में वैश्वीकरण की चर्चा हो रही थी, उस समय स्वदेशी के विचार पर भी गंभीर विमर्श शुरू हुआ था। भोपाल में अध्ययन के दौरान उन्होंने पहली बार स्वदेशी के बारे में सुना था। उस समय उम्र कम होने के कारण इसकी व्यापकता को समझ नहीं पाए थे, लेकिन आज मेले में वक्ताओं के विचार सुनकर और यहां की गतिविधियों को देखकर स्वदेशी का महत्व समझ में आता है।

कृषि और गांवों को स्वदेशी से जोड़ना जरूरी

भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने कहा कि स्वदेशी का भाव कृषि और गांवों के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। वे स्वयं कृषि क्षेत्र से आते हैं। आज खेती में केवल उर्वरक ही नहीं, बल्कि बीज जैसी जरूरी चीजों के लिए भी विदेशी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जबकि गांवों का जीवन और कृषि व्यवस्था पहले पूरी तरह स्वदेशी पर आधारित हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को केवल खानपान या वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी पूरी जीवनशैली और दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। गांवों के लोगों और किसानों को मजबूत करने से ही देश मजबूत होगा।



धान-मक्का की आवक से इटारसी मंडी में जगह नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटारसी

बुधवार को इटारसी कृषि उपज मंडी में 1,025 किसान पहुंचे और 45,221 क्विंटल उपज की आवक दर्ज हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की भीड़ से परिसर में जगह नहीं बची। एसडीएम नीलेश शर्मा ने देर रात निरीक्षण कर व्यवस्था के निर्देश दिए।

किसानों से गुरुवार को मंडी नहीं आने की अपील

मंडी परिसर में ट्रॉलियां खड़ी करने तक की जगह नहीं बची थी। स्थिति का जायजा लेने एसडीएम नीलेश शर्मा ने देर रात औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी सचिव प्रशांत पांडे को किसानों की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि मंडी परिसर पूरी तरह भर चुका है। उन्होंने किसानों से गुरुवार को उपज लेकर मंडी नहीं आने की अपील की। कृषि उपज मंडी 6 से 10 नवंबर तक बंद रहेगी। किसान 11 नवंबर से अपनी उपज लेकर आएं। दीपावली से पहले मंडी में उपज की आवक बढ़ने की संभावना को देखते हुए एसडीएम ने खरीदी की व्यवस्था बनाए रखने और किसानों को परेशानी से बचाने के निर्देश दिए।

शादी के 4 साल बाद अलग हुए कनिका कपूर और गौतम हथिरमानी

बॉलीवुड की मशहूर प्लेबैक सिंगर कनिका कपूर एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। 'बेबी डॉल' और 'चिट्टियां कलाइयां' जैसे सुपरहिट गानों से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली 48 वर्षीय गायिका कनिका कपूर ने बिजनेसमैन पति गौतम हथिरमानी से अलग होने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। वर्ष 2022 में लंदन में बेहद धूमधाम से शादी के बंधन में बंधने वाले इस जोड़े का रिश्ता चार साल बाद खत्म होने जा रहा है। कनिका ने सोशल मीडिया के जरिए इस कठिन फैसले की जानकारी दी और अपने प्रशंसकों तथा मीडिया से अपनी निजता (प्राइवेसी) का सम्मान करने की भावुक अपील की। इसके साथ ही उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से शादी की सभी पुरानी तस्वीरें भी हटा दी हैं।

एक इंटरव्यू में कनिका ने साफ किया कि उनके अलग होने के पीछे कोई तीसरा व्यक्ति नहीं है। उन्होंने इन दावों को भी खारिज कर दिया कि उनकी शादी इसलिए टूटी क्योंकि वह लागोस (नाइजीरिया) नहीं जाना चाहती थीं, जहां गौतम अपने काम के सिलसिले में रहते हैं। अपने आधिकारिक बयान में कनिका ने कहा, काफी सोच-विचार के बाद, मैंने और मेरे पति ने अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ जो समय बिताया, उसके लिए मैं आभारी हूं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं। अब जब हम अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रहे हैं, तो मैं उम्मीद करती हूं कि आप हमारी प्राइवेसी का सम्मान करेंगे। 'मुंबई मिरर' के अनुसार, गौतम हथिरमानी के दोस्तों ने बताया कि इस अलगाव से वे बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि गौतम को शुरू से ही पता था कि कनिका एक स्वतंत्र विचारों वाली इंसान हैं और अपने परफॉरमेंस के सिलसिले में अक्सर दुनिया भर में घूमती रहती हैं। कभी-कभी तो वह एक ही हफ्ते में सेंट ट्रोपेज, लंदन और मुंबई के बीच सफर करती थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक तरफ एक सफल गायिका थीं जिनका शेड्यूल काफी व्यस्त रहता था, और दूसरी तरफ एक ऐसे बिजनेसमैन थे जो काम की वजह से लागोस नहीं छोड़ सकते थे। इस वजह से दोनों के बीच निराशा पैदा हुई और दोनों की उम्मीदें भी अलग-अलग हो गईं। न्यूज पोर्टल से बातचीत में कनिका ने कहा, मेरी जिंदगी में कोई और नहीं आया है और जहां तक मुझे पता है, गौतम की जिंदगी में भी कोई नहीं है। यह मेरा दूसरा तलाक है, और जाहिर है कि इससे काफी दुख और निराशा होती है।₹

उन्होंने आगे कहा, यह कहना कि मैं लागोस में नहीं रहना चाहती थी, बिल्कुल गलत है। अक्सर ऐसा ही होता है कि जब कोई शादी टूटती है, तो सबसे पहले महिला को ही दोषी ठहराया जाता है - जो कि बिल्कुल गलत है। एक शादी में क्या कुछ हुआ, यह सिर्फ वे दो लोग ही जानते हैं।

महानथी झांसी रानी' के रूप में तब्बू का धमाका




भारतीय सिनेमा की बहुप्रतिभाशाली और बहुआयामी अभिनेत्री तब्बू एक बार फिर अपने नए और शक्तिशाली किरदार से दर्शकों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी की बहुप्रतीक्षित तेलुगु एक्शन-ड्रामा फिल्म 'किंग 100' में तब्बू की दमदार एंट्री हुई है। अभिनेत्री के 55वें जन्मदिन के खास अवसर पर मेकर्स ने फिल्म से उनके आधिकारिक किरदार की पहली झलक (फर्स्ट लुक) पेश की है, जिसमें वे 'महानथी झांसी रानी' के एक बेहद रोबदार और प्रभावशाली अवतार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसके जरिए तब्बू और नागार्जुन की सुपरहिट जोड़ी लगभग 28 साल बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मेकर्स ने न केवल तब्बू का आकर्षक पोस्टर साझा किया है, बल्कि एक विशेष वीडियो भी जारी किया है, जो फिल्म में उनके किरदार की गहराई और दबंगई को बयां करता है।

सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए, प्रोडक्शन बैनर 'अन्नपूर्णा स्टूडियोज' ने अभिनेत्री को जन्मदिन की बधाई दी और उनके किरदार से परिचय कराया। पोस्ट में लिखा था, ₹जन्मदिन मुबारक हो #तब्बू! स्क्रीन पर आपकी मौजूदगी बेमिसाल है। आपके अभिनय में एक ऐसी गहराई है जो हर फ्रेम पर छा जाती है। पेश है #किंग 100 से 'महानथी झांसी रानी' के रूप में #तब्बू।

तेलुगु एक्शन ड्रामा 'किंग 100' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म शाहरुख खान की 'किंग' के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी। इस फिल्म को रा कार्तिक ने लिखा और निर्देशित किया है, और इसे अन्नपूर्णा स्टूडियोज के तहत अक्किनेनी परिवार ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी राजा महादेवन ने संभाली है। सतीश कुमार एन प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और नवीन नूली इसके एडिटर हैं।

तब्बू का 'महानथी झांसी रानी' का लुक सामने आने के बाद फिल्म 'किंग 100' के प्रति उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है। रा कार्तिक के निर्देशन, देवी श्री प्रसाद के ऊर्जावान संगीत और 28 साल बाद नागार्जुन-तब्बू की वापसी ने इस एक्शन ड्रामा को इस साल की सबसे चर्चित और प्रतीक्षित फिल्मों की सूची में शामिल कर दिया है। 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर कितना राज करती है।

सलमान खान ने फिल्म मातृभूमि से तेरी सेक्सी ब्यूटी गाना रिलीज किया




बॉलीवुड के 'दबंग' अभिनेता सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी कड़ी में अब फिल्म का एक और नया और धमाकेदार गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' आधिकारिक तौर पर रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में सलमान खान के साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की एक नई और फ्रेश जोड़ी देखने को मिल रही है, जिसमें दोनों कलाकार बेहद रोमांटिक अंदाज में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। इस गाने की सबसे खास बात यह है कि खुद सलमान खान ने इसके लिए प्लेबैक सिंगिंग की है, जिसे सुनकर उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं। सलमान ने इस गाने के लिए प्लेबैक सिंगिंग लगभग 11 साल बाद उन्होंने किसी फिल्म के लिए फिर से गाना गाया है।

हाल ही में रिलीज हुए गाने 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की एक नई जोड़ी देखने को मिल रही है। इस गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल और संगीत साजिद खान ने दिए हैं। गाने की कोरियोग्राफी सीजर गोंसाल्विस ने की है और इसे सलमान खान और मुस्कान ने गाया है। गाने के संगीत में जॉन हंट ने ड्रम, रॉबिन फरगोज ने ट्रम्पेट, कल्याण बरुआ ने इलेक्ट्रिक गिटार और बास, और मार्क पारख ने पियानो बजाया है। रिदम रट्टा ने 'तालीम स्टूडियो' में वोकल्स रिकॉर्ड किए, और एडेल परेरा ने गाने की एडिटिंग की है।

11 साल बाद प्लेबैक सिंगिंग में सलमान खान की वापसी

बता दें कि इससे पहले सलमान खान ने 2015 की फिल्म 'हीरो' के लिए 'मैं हूँ हीरो तेरा' गाना गाया था, जिसमें सूरज पंचोली और अथिया शेट्टी नजर आए थे। अब लगभग 11 साल बाद, सलमान खान ने 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' गाने के जरिए फिर से प्लेबैक सिंगिंग में वापसी की है। सुबह-सुबह एक मजेदार कैप्शन के साथ गाने के रिलीज होने की घोषणा करते हुए, सलमान ने लिखा, रवाना होने का समय सुबह 5:12 बजे। फ्लाइट समय पर है, 2 पेग अंदर हैं और मैं अपनी 'सेक्सी ब्यूटी' के साथ उड़ान भर रहा हूँ - पता नहीं कहाँ लैंड करूँगा। रिलीज होने के कुछ ही घंटों के भीतर, इस गाने को यूट्यूब पर 118 हजार से ज्यादा बार देखा जा चुका है। सलमान खान के फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस गाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इमरान हाशमी की रूह 2027 में तीन भाषाओं में होगी रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने सोशल मीडिया पर अपनी नई म्यूजिकल हॉरर फिल्म 'रूह' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस बड़े प्रोजेक्ट के लिए टिप्स फिल्म्स और टिप्स म्यूजिक ने हाथ मिलाया है, जिसमें जाने-माने निमार्ता कुमार तौरानी की मौजूदगी ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स की योजना इस फिल्म को साल 2027 में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में पैन-इंडिया स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की है।

इमरान हाशमी ने जारी किया 'रूह' का मोशन पोस्टर

इमरान हाशमी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का रोंगटे खड़े कर देने वाला मोशन पोस्टर शेयर किया। पोस्टर जारी करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, ₹डर जितना गहरा, म्यूजिक भी उतना ही शानदार। इमरान हाशमी की म्यूजिकल हॉरर फिल्म 'रूह' के लिए टिप्स फिल्म्स और टिप्स म्यूजिक एक साथ आए हैं। एक बेहतरीन हॉरर थिएट्रिकल एक्सपीरियंस के लिए तैयार हो जाइए। 2027 में सिनेमाघरों में यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।₹

'रूह' एक ऐसी हॉरर फिल्म होगी जिसमें खौफ के साथ-साथ रोमांस और दमदार संगीत को भी कहानी की मुख्य धुरी बनाया गया है। फिल्म के गाने सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने वाले अहम मोड़ के रूप में पेश किए जाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन मयंक शर्मा कर रहे हैं, जिन्होंने विशाल कपूर के साथ मिलकर इसका स्क्रीनप्ले भी तैयार किया है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः 4 और 4 कितने होते हैं?
टीटूः 10 होते हैं।
टीचरः 8 होते हैं... नालायक
टीटूः हम दिलदार
घर से हैं
2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

टीचरः जब मच्छर काटे
तो क्या करना चाहिए
पप्पूः सर चुपचाप खुजा कर वापस सो जाना चाहिए
टीचरः क्यों
पप्पूः सर अब आप रजनीकांत तो हो
नहीं जो मच्छर से सॉरी बुलवा लोगे

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बीता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलीन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जांच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

ऊपर से नीचे

2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

माथा पच्ची

60		28		6		24	=	14
40		20		5		10	=	65
20		4		20		4	=	15
60		6		2		10	=	30
=		=		=		=		=
20		6		20		20	=	34 / 26

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

मं	स	दी	ल	त	का	ज्ं	ग	ल	ल्ली	क	
ग	फ	रि	श्ता	ला	कि	बा	जी	ग	इ	क	
ल	क	ल	म	ह	ला	पू	मा	प	ट	को	
पां	इ	ल	त	हैं	प	ल	ला	रं	ला	आ	
डे	श्क	ल	मा	नु	आ	उ	वा	प	ध	व	
ती	व	ल	सा	सं	शी	ही	रं	की	ला	रु	
क	वा	ठु	र	मे	र्श	अ	य	या	ल	जा	
वे	द	ल	वे	ला	द	रा	छू	र	प	ज	
प	र	ल	प	ज	जी	ना	ल	त	के	दों	
पा	क	ल	प	द	म	दि	ख्य	व	क	या	
जी	आ	ज	औ	र	क	ल	ढ़ा	प	ध	न्या	

शब्दजाल में अशोक कुमार की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अछूत कन्या, तमाशा, फरिश्ता, काफिला, बेवफा, आज और कल, वारंट, बहु बेगम, आबरू, आशीर्वाद.

अष्टयोग

1	5		7		2	
	28		35		28	
7		2		3	1	5
	32		32		31	
6	3	1		2		
4	33		30	5	35	7
	2	7	4			3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

55	+	5	•	2	x	2	=	60
-		+		+		x		-
39	+	56	-	2	-	35	=	58
+		-		+		-		x
24	•	2	+	68	•	2	=	40
-		-		-		-		-
25	x	3	-	70	+	50	=	55
=		=		=		=		=
15	+	56	-	2	-	18	=	37 / 36

अष्टयोग का हल

2	1	3	7	6	5	4
1	22	7	38	5	41	3
3	4	1	2	7	6	5
7	32	6	30	3	35	2
6	3	2	5	4	1	7
4	32	5	30	2	24	1
5	3	4	7	1	2	6

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

अमेरिका ने भारतीय दंपती से जुड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए

कंपनियां इसका इस्तेमाल क्यों करती हैं और नियम ढीले क्यों होते हैं?

टैक्स और फीस की बचत: इन देशों में रजिस्ट्रेशन शुल्क बहुत कम होता है और टैक्स न के बराबर या शून्य लगता है।

सख्त नियमों से बचाव: यहां सुरक्षा, पर्यावरण और कामगारों के कड़े नियमों की जांच-पड़ताल नहीं होती।

सस्ते मजदूर: कंपनियां किसी भी देश से कम मजदूरी पर कर्मचारी रख सकती हैं, जिससे खर्च कम हो जाता है।

तुर्किये पर भी कार्रवाई, इनपर फर्जी तरीके से ईरानी जहाजों ट्रेड की मंजूरी दिलवाने का आरोप

अमेरिका ने चंडीगढ़ के एक कारोबारी दंपती, दो अन्य भारतीयों और उनसे जुड़ी 9 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इन पर ईरान के 'गुप्त तेल जहाजों' (शैडो फ्लीट) को फर्जी तरीके से दूसरे देशों के झंडे और कागजात मुहैया कराने के आरोप हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, चंडीगढ़ निवासी सुनील कुमार शर्मा और उनकी पत्नी जसप्रीत प्रीति शाहिद पर आरोप है कि वे फर्जी वेबसाइटों और संस्थाओं के जरिए ऐसे जहाजों को बिना मंजूरी के फ्लैग ऑफ कन्वीनिएंस के जरिए दूसरे देशों (जैसे गुयाना, मोजाम्बिक आदि) का रजिस्ट्रेशन दिलवाते थे, ताकि वे पकड़े बिना ईरानी तेल ले जा सकें।

अमेरिका में इन सभी की संपत्तियां फ्रीज

प्रतिबंध लगने के बाद अमेरिका में इन सभी की संपत्तियां फ्रीज कर दी गई हैं और अमेरिकी नागरिकों व कंपनियों के साथ इनके किसी भी लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, ईरानी एयरलाइंस को मदद देने के आरोप में तुर्किये की एक कंपनी पर भी शिकंजा कसा गया है।

शैडो फ्लीट क्या है?

शैडो फ्लीट क्या है? यह पुराने और बिना सही बीमा वाले तेल जहाजों का एक छुपा हुआ नेटवर्क है।

यह किन देशों का तेल बेचती है? इसका काम रूस, ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों का कच्चा तेल चोरी-छिपे दुनिया भर में बेचना है, जिन पर पश्चिमी देशों ने पाबंदी लगा रखी है।

यह व्यापार में कैसे काम करती है? यह सामान्य कानूनी नियमों से बाहर एक अलग रास्ते से तेल पहुंचाती है।

कैसे छुपाई जाती है असली पहचान? इसमें फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल होता है, ताकि असली मालिक का पता न चले।

इससे क्या खतरे पैदा होते हैं? सस्ते और पुराने जहाज होने की वजह से समुद्र में तेल रिसाव और हादसों का खतरा बहुत ज्यादा रहता है।

जब कोई जहाज मालिक अपने जहाज को अपने देश के बजाय किसी दूसरे देश में रजिस्टर करवाता है, तो उसे 'फ्लैग ऑफ कन्वीनिएंस' कहते हैं। जहाज उसी दूसरे देश का झंडा लगाकर चलता है और उसी देश के कानून व नियम उस पर लागू होते हैं।

नेपाल घूमने जाने में भारतीय पीछे छूटे, अमेरिका नंबर-1:अक्टूबर में सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंचे

भारतीयों की संख्या में 30% गिरावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

लंबे समय से नेपाल में सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक भारत से पहुंचते रहे हैं, लेकिन अक्टूबर 2026 में अमेरिका ने भारत को पीछे छोड़ दिया। नेपाल पर्यटन बोर्ड के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि नेपाल के इतिहास में पहली बार अमेरिका सबसे ज्यादा पर्यटक भेजने वाला देश बना है। नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुताबिक, अक्टूबर में अमेरिका से 17,437 पर्यटक नेपाल पहुंचे। वहीं, भारत से 12,097 पर्यटक आए। पिछले साल अक्टूबर में 17,298 भारतीय पर्यटक नेपाल पहुंचे थे। यानी इस बार भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या में करीब 30% की गिरावट आई है। चीन से 11,695 पर्यटक पहुंचे और वह तीसरे स्थान पर रहा।

ट्रम्प ने विवेक रामास्वामी का प्रचार किया, फिर भी हार गए

मिडटर्म चुनाव में 5 भारतवंशी जीते, सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में 5 भारतवंशी नेताओं ने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनाव में जीत हासिल की है। जबकि एक उम्मीदवार अमीष शाह आगे चल रहे हैं। ये सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं। जीतने वालों में रो खन्ना, अमी बेरा, प्रमिला जयपाल, सुहास सुब्रमण्यम और पिया दांडिया शामिल हैं। इससे पहले 2024 के चुनाव में 6 भारतवंशी इस सदन के लिए चुने गए थे।

इस बार सीनेट के लिए किसी भारतीय मूल के उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा था। वहीं, गवर्नर पद के लिए भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने ओहायो से दावेदारी पेश की थी, लेकिन वे डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन से हार गए।



चुनावों में भी भारतवंशियों का दबदबा

अरुणा मिलर: भारतीय मूल की अरुणा मिलर दोबारा मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गई हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक गवर्नर वेस मूर के साथ रिपब्लिकन उम्मीदवार डैन कॉक्स को हराया। अरुणा का जन्म हैदराबाद में हुआ था। **स्टेट असेंबली में जीत:** टेक्सास से पूजा सेठी, पेंसिल्वेनिया से अरविंद वेंकट और जॉर्जिया से ज्योत सिंह ने जीत दर्ज की है। इलिनॉय में राम विल्लीवलम और नबीला सैयद भी राज्य सीनेट के लिए दोबारा चुने गए हैं। ज्योत सिंह जॉर्जिया की जनरल असेंबली में पहुंचने वाले पहले भारतीय मूल के अमेरिकी और पहले सिख अमेरिकी बने हैं। **नित्या रमन मेयर पद की दौड़ में:** लॉस एंजिलिस के मेयर चुनाव में भारतीय मूल की नित्या रमन शुरूआती रुझानों में मौजूदा मेयर करेन बैस से आगे चल रही हैं। वह पेशे से शहरी योजनाकार हैं और सिटी काउंसिल की सदस्य हैं।

1. एमी बेरा, डेमोक्रेट पार्टी- 8वीं बार जीते- कैलिफोर्निया के तीसरे संसदीय क्षेत्र से एमी बेरा लगातार आठवीं बार सांसद चुने गए हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रॉब टकर को 23 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है।

बेरा पेशे से डॉक्टर हैं। वह 2013 में पहली बार हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्य बने थे।

2. रो खन्ना, डेमोक्रेटिक पार्टी- छठी बार जीते- कैलिफोर्निया के 17वें संसदीय क्षेत्र से रो खन्ना ने लगातार छठी बार चुनाव जीता है। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार रितेश टंडन को 42 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। टंडन इससे पहले 2020 और 2022 में भी रो खन्ना के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। रो खन्ना 2017 से अमेरिकी संसद के सदस्य हैं। वह चीन की नीतियों, तकनीक, व्यापार और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखते रहे हैं।

3. प्रमिला जयपाल, डेमोक्रेटिक पार्टी- 1.52 लाख से वोटों से जीतीं- वॉशिंगटन के 7वें संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमिला जयपाल ने लगातार छठी बार जीत दर्ज की है। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार नीरव शेठ को 1.52 लाख से ज्यादा वोटों से हराया है। प्रमिला 2017 से इस सीट पर सांसद हैं। वह हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पहुंचने वाली पहली भारतीय मूल की महिला हैं। उनका जन्म चेन्नई में हुआ था। प्रमिला जयपाल संसद में प्रवासियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाओं और महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती रही हैं।

4. सुहास सुब्रमण्यम, डेमोक्रेटिक पार्टी- दूसरी बार सांसद बने- वर्जीनिया के 10वें संसदीय क्षेत्र से सुहास सुब्रमण्यम दूसरी बार सांसद चुने गए हैं। उन्हें 61.5% से ज्यादा वोट मिले हैं, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डेव बेकविथ को 36.4% वोट मिले हैं। सुहास का जन्म टेक्सास के ह्यूस्टन में भारतीय माता-पिता के घर हुआ था। वह पेशे से वकील हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में उन्होंने व्हाइट हाउस में टेक्नोलॉजी पॉलिसी एडवाइजर के तौर पर काम किया था।

इसी रूट से 40% कच्चा तेल मंगाता है भारत

होर्मुज से भारतीय जहाजों को गुजरने देगा ईरान, 8 महीने से बंद था रास्ता

भारत को दवाओं की सप्लाई के लिए मिली छूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान ने करीब 8 महीने बाद भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की छूट दे दी है। अब भारतीय जहाज इस रास्ते से बिना किसी रोक-टोक के गुजर सकेंगे। ईरान ने चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी यह छूट दी है। 28 फरवरी से इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही पर पाबंदियां लगी हुई थीं। भारत अपने कुल कच्चे तेल आयात का करीब 40% इसी रास्ते से मंगाता है।

ईरान की न्यूज वेबसाइट ईरानवायर और अनादोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने भारत को यह छूट इसलिए दी है, ताकि उसे भारत से दवाएं मिलती रहें। वहीं, चीन को छूट देने के पीछे ईरान की उम्मीद है कि मुश्किल वक्त में बीजिंग उसका राजनीतिक रूप से साथ देगा।

हालांकि, भारतीय और चीनी जहाजों को होर्मुज से गुजरने के लिए पैसे देने होंगे। वहीं, कतर के जहाज बिना कोई शुल्क दिए इस रास्ते से गुजर सकेंगे। इराक को किस वजह से छूट दी गई है, यह साफ नहीं किया गया है।



भारत के लिए क्यों अहम है होर्मुज स्ट्रेट

भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। इसमें से करीब 40% तेल होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से भारत आने वाले तेल के लिए यह अहम रास्ता है।

ट्रम्प ने मिडटर्म चुनाव में हार से पल्ला झाड़ा

पहले खुद को चेहरा बता रहे थे, चुनाव प्रचार में 47 बार अपने नाम पर वोट मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की करारी हार से पल्ला झाड़ लिया है। चुनाव प्रचार के दौरान वे बार-बार खुद को चुनाव का चेहरा बता रहे थे और वोटर्स से उन्हें उम्मीदवार मानकर वोट देने की अपील कर रहे थे।

उन्होंने 47 बार खुद के नाम पर लोगों से वोट देने के लिए कहा। लेकिन नतीजे आने के बाद ट्रम्प ने कहा कि वे खुद चुनाव में उम्मीदवार नहीं थे, इसलिए रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक बड़ी संख्या में वोट डालने नहीं पहुंचे।

इस चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट, दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। यह ट्रम्प के लिए बड़ा झटका है। अब डेमोक्रेट्स के पास उनके कार्यकाल के बचे हुए दो साल में उनके फैसलों और योजनाओं को रोकने की ताकत होगी।

ट्रम्प बोले- मैं बैलेट पर नहीं था, इसलिए हार हुई

चुनाव नतीजे आने के बाद ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, मैं चुनाव में उम्मीदवार नहीं था। इसी वजह से हम ज्यादा लोगों को वोट डालने के लिए नहीं ला सके। ट्रम्प का यह बयान उनके चुनाव प्रचार से बिल्कुल उलट है। उस दौरान वे खुद को चुनाव का सबसे बड़ा चेहरा बता रहे थे। उन्होंने उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनावी मुद्दों, रणनीति और प्रचार के संदेश तक में दखल दिया था। उन्होंने बार-बार वोटर्स से कहा था कि वे उनके कामकाज को ध्यान में रखकर वोट दें। यानी जीत की उम्मीद थी तो ट्रम्प खुद चुनाव का चेहरा थे, लेकिन हार मिली तो उन्होंने खुद को चुनाव से अलग बता दिया।

महंगाई और ईरान युद्ध से नाराज थे वोटर्स

रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे महंगाई और ईरान युद्ध को बड़ी वजह माना जा रहा है। ट्रम्प ने सत्ता में आने से पहले महंगाई कम करने और अमेरिका को नए युद्धों से दूर रखने का वादा किया था। लेकिन उनके कार्यकाल में ईरान के साथ युद्ध शुरू हो गया। इससे तेल की कीमतें बढ़ीं और अमेरिका में पेट्रोल महंगा हो गया। कई वोटर्स को लगा कि ट्रम्प ने उनसे किए वादे पूरे नहीं किए। वे महंगाई से राहत और सुरक्षित सीमा चाहते थे, लेकिन उन्हें महंगी चीजों और नई जंग का सामना करना पड़ा।

यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 29 लोगों की मौत

जेलेंस्की बोले- रूस तनाव कम करना नहीं चाहता; 5 दिन पहले रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमला हुआ था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

दक्षिणी यूक्रेन के जापोरिज्जिया में सोमवार को रूसी हवाई हमले में 29 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के मुताबिक, हमला कोमिशुवाखा बस्ती में हुआ। यहां एक स्कूल में राहत सामग्री बांटने का केंद्र चल रहा था और पास में ही शेल्टर था। जेलेंस्की ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि हमले में दो राहतकर्मी और चार पुलिसकर्मी भी मारे गए। उन्होंने इसे बेहद भयावह बताया। 29 अक्टूबर को यूक्रेन के तीसरे सबसे बड़े शहर दनीप्रो के एक रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई थी। रूस ने नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले बढ़ा दिए हैं। इनमें रिटेल चेन, लॉजिस्टिक्स ढांचा और रिहायशी इमारतें शामिल हैं।



ये हमले ऐसे समय हो रहे हैं, जब यूक्रेन में रूसी सेना को पिछले महीने रिकॉर्ड नुकसान हुआ। इस दौरान रूसी सेना ने कुछ इलाकों पर अपना कब्जा भी खोया। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर में यूक्रेन में नागरिकों की मौतें 85% बढ़ीं। रूस के 2022 में पूर्ण पैमाने पर हमला शुरू करने के बाद यह सितंबर का सबसे बड़ा आंकड़ा था। उस महीने हुए हमलों में आधे से ज्यादा नागरिक मौतों के लिए लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन जिम्मेदार थे।

ईरान की मस्जिदों में परमाणु बम बनाने की मांग उठी

देश की मस्जिदों में नमाज के दौरान इमाम और कट्टरपंथी नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि अमेरिका और इजराइल से सुरक्षा के लिए परमाणु हथियार बनने चाहिए। यह मांग ऐसे समय में उठ रही है, जब ईरान के नेता अमेरिका और इजराइल के साथ जारी जंग को खत्म करने की कोशिशें कर रहें हैं। देश के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा जारी कर परमाणु बम बनाने और इस्तेमाल करने पर बैन लगाया था। अब इसके खिलाफ आवाज उठने लगी है। पिछले हफ्ते ईरान के पश्चिमी शहर कुहदाश्त में शुक्रवार की नमाज के दौरान इमाम ने कहा था कि हमें परमाणु हथियारों से लैस होना चाहिए, ताकि हम अपराधी अमेरिका का मजबूती से मुकाबला कर सकें।

सहारा रेगिस्तान में मिला गुलाबी पत्थर मंगल ग्रह का निकला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला करीब 800 ग्राम का गुलाबी रंग का पत्थर मंगल ग्रह का निकला है। नासा की मदद से हुई रिसर्च में इसकी पुष्टि हुई है। जांच में पता चला कि यह चट्टान 4.1 अरब साल से भी ज्यादा पुरानी है। इसमें ऐसे खनिज मिले हैं, जो बताते हैं कि मंगल के शुरूआती दौर में उसकी चट्टानों के संपर्क में पानी आया था। यह खोज मंगल के पुराने वातावरण को समझने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, उस समय मंगल आज की तरह ठंडा और सूखा नहीं था। इस चट्टान को ह्यतेघाजा 001ह्ल नाम दिया गया है। यह माली के तेघाजा नमक मैदान में मिली थी। शुरूआत में वैज्ञानिकों को यह पता नहीं था कि यह पत्थर कहां से आया है। इसकी पहचान करने के लिए वैज्ञानिकों ने इसमें मौजूद ऑक्सीजन के आइसोटोप की जांच की।

जंगलों की आग ने बिगाड़े 3 देशों के रिश्ते, विरोध करने पर गैस सप्लाई घटाई

आग: इंडोनेशिया के जहरीले धुएं से मलेशिया-सिंगापुर परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जकार्ता

इंडोनेशिया के जंगलों में लगी आग का धुआं पड़ोसी देशों मलेशिया और सिंगापुर के लिए मुसीबत बन गया है। कालिमंतान, पापुआ और सुमात्रा के जंगलों से उठ रहा जहरीला धुआं हवा के साथ इन देशों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं। मलेशिया के कुछ इलाकों में स्कूल बंद करने पड़े हैं। धुआं कई हफ्तों से बना हुआ है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

मलेशिया में लोगों ने इंडोनेशिया के उत्पादों का बहिष्कार शुरू कर दिया है, जबकि सिंगापुर ने आग से जुड़ी कंपनियों की जांच शुरू की है। इस बीच इंडोनेशिया ने सिंगापुर को गैस का निर्यात घटाने का ऐलान किया है। उसने इसकी वजह अपने देश की ऊर्जा जरूरतों को बताया है। इंडोनेशिया में जंगलों में आग लगने की घटनाएं हर साल होती हैं। इसकी बड़ी वजह खेती और कारोबार के लिए जंगलों को साफ करना है। खासतौर पर पाम ऑयल की खेती के लिए बड़े इलाकों में जमीन तैयार की जाती है।



इसके लिए कई जगह जंगलों में आग लगाई जाती है। आग जमीन के नीचे मौजूद पीटलैंड तक फैल जाए तो इसे बुझाना और मुश्किल हो जाता है। पीटलैंड में मौजूद सूखे जैविक पदार्थ आग को लंबे समय तक सुलगाए रखते हैं।

इस साल अल नीनो के कारण इंडोनेशिया के जंगलों और पीटलैंड में सूखे की स्थिति ज्यादा गंभीर रही। इससे आग तेजी से फैली और उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

आमतौर पर इस तरह के धुएं का असर मलेशिया और सिंगापुर में कुछ दिनों तक रहता है, लेकिन इस बार यह कई हफ्तों से बना हुआ है।

मलेशिया में बहिष्कार, सिंगापुर में सरकार की आलोचना

धुएं से परेशान मलेशिया के लोगों ने इंडोनेशिया के उत्पादों का बहिष्कार शुरू कर दिया है। मलेशियाई सांसद सैयद सादिक ने आग से जुड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने लोगों से ऐसी कंपनियों को क्षेत्र में अलग-थलग करने की अपील भी की। सिंगापुर सरकार ने धुएं से लोगों को बचाने के लिए सैकड़ों राहत केंद्र बनाए हैं। बच्चों, बुजुर्गों और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे लोगों को मास्क बांटे जा रहे हैं। सरकार धुएं से जुड़े मौजूदा कानूनों को सख्त करने पर भी विचार कर रही है। हालांकि सिंगापुर में लोगों ने अपनी सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सरकार को पहले से पता था कि इस साल अल नीनो के कारण सूखे की स्थिति गंभीर होगी। इसके बावजूद धुएं से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की गई।

इंडोनेशिया के अधिकारी के बयान से बढ़ा विवाद

इस बीच इंडोनेशिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जंगलों में लगने वाली आग पर इंसानों का नियंत्रण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देशों सिंगापुर और मलेशिया को मिलने वाली ऑक्सीजन भी इंडोनेशिया के जंगलों से आती है। इस बयान पर सिंगापुर ने नाराजगी जताई। वहां के वरिष्ठ मंत्री के. शनमुगम ने इसे निराशाजनक और गलत बताया। उन्होंने कहा कि जहरीले धुएं से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान हो रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। शनमुगम ने कहा कि इस समस्या से दोनों देशों के नागरिक प्रभावित हो रहे हैं।

■ वर्ष-13 अंक-03 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

दन्तकाष्ठस्य खेटस्य विसर्जनमपावृतम्।
नेष्टं जले स्थले भोग्ये मूत्रादेश्चापि गर्हितम्॥

भावार्थ : दातौन एवं कफ थूकने के पश्चात उसे ढक देना चाहिए। इतना ही नहीं पानी, सार्वजनिक भूमि एवं आवासीय स्थल पर मूत्र आदि का त्याग निंदनीय कर्म है, अतः ऐसा नहीं करना चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 05 नवम्बर, 2026

सद्भिः पुरस्तादभिपूजितः स्यात् सद्भिस्तथा पृष्ठतो रक्षितः स्यात्।
सदासतामतिवादांस्तितिक्षेत् सतां वृत्तं चाददीतार्यवृत्तः॥

भावार्थ : व्यक्ति के कर्म ऐसे हों कि सज्जन लोग उसके समक्ष सम्मान व्यक्त करें ही, परोक्ष में भी उनकी धारणाएं सुरक्षित रहें। दुष्ट प्रकृति के लोगों की ऊलजलूल बातें सह ले, और सदैव श्रेष्ठ लोगों के सदाचारण में स्वयं संलग्न रहे।

सम्पादकीयम्

आईआईटीएस इत्यस्मात् अपि प्रश्नाः अवश्यं पृष्टव्याः

आईआईटी बम्बई इत्यत्र घटितस्य घटनायाः कारणात् एतादृशसंस्थानां अन्तः आन्तरिकव्यवस्थाः, शिकायतनिवारणतन्त्राणि, शैक्षणिकअनुशासनं च इति विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः। संस्थागतस्वायत्ततायाः पार्श्वे उत्तरदायित्वस्य उपरि बलं दातुं आवश्यकता वर्तते, तथैव छात्राणां मानसिकशैक्षणिकदबावानां सम्बोधनं पर्याप्तपरामर्शस्य आवश्यकता च। इत्यत्र यत् घटितम्-किं च निरन्तरं प्रचलति- इत्येतत् बहु बृहत्तरं विषयं दर्शयति। एतादृशे प्रमुखे संस्थायाः अन्तः नियमानाम्, शिकायतां च निबन्धनार्थं स्थापितानां आन्तरिकव्यवस्थानां किं जातम्? अस्मिन् संस्थायाः शैक्षणिकअनुशासनसमितिः, अनुसूचितजाति/जनजातिकोष्ठकः, शिकायतनिवारणतन्त्रं, सिनेट् च अस्ति। तथापि स्थितिः तीव्रगत्या वर्धिता, पुलिसपर्यन्तं गत्वा विरोधान् जनयति, सामाजिकमाध्यमेषु च तीव्रचर्चाविषयः अभवत्। अत्रैव अस्माभिः स्वसंस्थानां विषये समीक्षात्मकं चिन्तनं आरब्धव्यम्। विश्वासद्वारा बलम्ः दशकेषु भारतेन केवलं मुष्टिभ्यां उच्चशिक्षासंस्थाः निर्मिताः येषां वैश्विकमान्यता प्राप्ता अस्ति। तेषां यथार्थं बलं तेषां आधारभूतसंरचनायाः वा बजटस्य वा न, अपितु तेषां संस्थागतरूपरेखासु स्वायत्ततायां च निहितं भवति। संस्था तदा एव दृढा भवति यदा विश्वासः भवति-संकायः नियमाः प्रवर्तयिष्यति, छात्राः तान् स्वीकुर्वन्ति, प्रत्येकस्य विवादस्य निराकरणं स्थापितेन, न्यायपूर्णेन प्रक्रियायाः माध्यमेन भविष्यति इति विश्वासः।

एकवर्षस्य परिश्रमस्य कृते खतरा; क्षतिपूर्तिं माङ्गं

कृषकाणां कृते एषा हानिः केवलं एकस्य ऋतुस्य सस्यस्य विफलतायाः एव नास्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना



एकवर्षस्य परिश्रमस्य कृते खतरा; क्षतिपूर्तिं माङ्गं करोति कृषकाणां कृते एषा हानिः केवलं एकस्य ऋतुस्य सस्यस्य विफलतायाः विषये एव नास्ति। कृषिकार्यं बीजानां, उर्वरकस्य, कीटनाशकानां, सिञ्चनस्य, श्रमस्य च महत्त्वपूर्णव्ययः भवति। अनेकाः परिवाराः स्वस्य सम्पूर्णजीवनसञ्चितधनं स्वस्य कृषिकार्यक्रमेषु निवेशयन्ति। कृषकाः स्वसन्ततिशिक्षा, गृहस्य आवश्यकताः, अन्ये आवश्यकव्ययः इत्यादीनां व्ययस्य पूरणार्थं उत्तमफलनस्य उपरि अवलम्बन्ते। परन्तु क्षेत्रेषु सस्यानां पतनेन तेषां वर्षपर्यन्तं परिश्रमः अधुना संकटग्रस्तः अस्ति।

कृषकाः वदन्ति यत्, पुनरावृत्तिप्राकृतिकविपदानां कारणात् कृषिव्ययस्य पुनः प्राप्तिः अपि अधिकाधिकं कठिनं भवति। बिहारस्य प्रभाविताः कृषकाः राज्यसर्वकारेण क्षतिस्य आकलनं कृत्वा राहतं दातुं आग्रहं कृतवन्तः। ते चेतयन्ति यत् समये आर्थिकसहायतां विना अग्रिमसस्यचक्रस्य सज्जता अत्यन्तं चुनौतीपूर्णा भविष्यति।

कृषकाः केन्द्रसर्वकारं, तथैव बिहार-झारखण्ड-सर्वकारेभ्यः अपि प्रभावितक्षेत्रेषु तत्कालं सर्वेक्षणं कर्तुं आह्वानं कृतवन्तः। ते सस्यहानिस्य समीचीनमूल्यांकनं, योग्यकृषकाणां कृते न्याय्यं क्षतिपूर्तिं च याचन्ते, येन तेषां एतत् वित्तीयसंकटं दूरीकर्तुं साहाय्यं भविष्यति।

झारखण्डे ७० तः अधिकेषु गृहेषु द्वयोः मृत्योः क्षतिः च झारखण्डे प्रचण्डवृष्टेः, प्रचण्डवायुना च प्रभावः व्यापकः अभवत्। जमशेदपुर, घाटशीला, रांची, रामगढ, जामतारा इत्यादिषु अनेकेषु जिल्हेषु स्थितानां, कटितानां च धानसस्यानां क्षतिं सूचयति आलूकृषिः अपि संकटग्रस्तः अस्ति; निरन्तरवृष्ट्या मृदायार्द्रता वर्धिता, जलप्रवाहः च अभवत्, येन कृषकाणां चिन्ता अधिका गभीरा अभवत्। ग्राम्यक्षेत्रेषु प्रचण्डवायुः वर्षा च गृहाणि, टीन-छतयुक्तानि च संरचनानि क्षतिं कृतवन्तः। उपलब्धसूचनानुसारं ७० तः अधिकाः गृहाणि, टीनशालाः च क्षतिग्रस्ताः सन्ति। इदानीं प्रतिकूलवायुसम्बद्धेषु घटनासु द्वौ मृतौ ज्ञातौ। सस्यक्षतिपरिमाणस्य आकलनाय राज्यसर्वकारेण सर्वेक्षणस्य आदेशः दत्तः अस्ति। प्रभावितकृषकाणां परिवाराणां च यथार्थपरिस्थितिः प्रशासनिकदलानां निरीक्षणानन्तरं एव स्पष्टा भविष्यति। मौसमस्य स्थितिं दृष्ट्वा झारखण्डे सरकारी-निजी-विद्यालयाः बन्दाः एव आसन्। प्रशासनेन जनसामान्यं मौसमस्य परिस्थितेः आलोके आवश्यकसावधानीः करणीयः इति सल्लाहः दत्तः। रांचीविमानस्थानके विमानविलम्बः; रेलसेवा अपि प्रभाविता वर्षा, प्रचण्डवायुः च विमानयात्रायां प्रभावं कृतवान्। प्रतिकूलमौसमस्य कारणेन रांचीविमानस्थानके विमानसञ्चालनं बाधितं जातम्। प्रमुखनगरेभ्यः- यथा मुम्बई, दिल्ली, बेङ्गलूरु इत्यादिभ्यः आगच्छन्तः अनेकाः विमानयानानि प्रायः एकघण्टायाः विलम्बं कृतवन्तः। एतेषां विलम्बानां कारणात् यात्रिकाः विमानस्थानके प्रतीक्षां कर्तुं बाध्यन्ते, तेषां अग्रे यात्रायोजना च बाधितवती। रेलसेवा अपि दुर्गन्धेन प्रभाविता अभवत्। झारखण्ड, ओडिशा, पश्चिमबङ्गदेशेभ्यः गच्छन्तः ७० तः अधिकाः रेलयानानि रद्दीकृतानि इति कथ्यते, येन दीर्घदूरयात्रिकाणां महती असुविधा अभवत्। यात्रिकाः सल्लाहं ददति यत् ते स्टेशनं प्रति गमनात् पूर्वं स्वरेलयानानां स्थितिं सत्यापयन्तु येन रद्दीकरणस्य वा व्यत्ययस्य वा कारणेन अनावश्यकं कष्टं न भवति।

राज्यनिर्वाचनआयोगेन

मतदानार्थं कुलम् ११,७९९ मतदानकेन्द्राणि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राज्यस्य २२ जिल्हेषु ३६२६ ग्रामपञ्चायतेषु सरपञ्च-वार्डपञ्चपदेषु मतदातारः मतदानं कुर्वन्ति। निर्वाचनकार्यक्रमानुसारं मतदानं सायं ६:०० वादनपर्यन्तं भवितुं निश्चितम् आसीत्। अस्मिन् चरणे सरपञ्चपदस्य कृते २१,८३९ अभ्यर्थिनः मैदाने सन्ति, यदा तु ४५ ग्रामपञ्चायतेषु सरपञ्चाः निर्विरोधरूपेण निर्वाचिताः एव सन्ति।

११,७९९ मतदानकेन्द्रेषु मतदानं प्रचलति राज्यनिर्वाचनआयोगेन द्वितीयचरणस्य मतदानार्थं कुलम् ११,७९९ मतदानकेन्द्राणि स्थापितानि सन्ति। ग्राम्यक्षेत्रेषु प्रातःकालात् एव मतदातानां आन्दोलनं दृश्यते स्म। अभ्यर्थिनः तेषां समर्थकाः च स्वपक्षे मतं प्राप्तुं सक्रियरूपेण प्रचारं कुर्वन्तः अपि दृश्यन्ते स्म। अस्मिन् निर्वाचने सरपञ्च-वार्डपञ्चपदयोः मतदानं मतपत्रस्य उपयोगेन क्रियते।

पुलिस पर्यवेक्षणे मतदान प्रक्रिया मजरा अर्हि इत्यस्मिन् एकस्याः घटनायाः अनन्तरं पुलिस घटनास्थले आगत्य स्थितिं नियन्त्रणे आनेतुं कार्यं कृतवती। पुलिसाधिकारिणां मते बोगसमतदानस्य आरोपेण द्वयोः समूहयोः मध्ये विवादः उत्पन्नः आसीत्। मतदानकेन्द्रस्य समीपे शान्तिं स्थापयितुं अतिरिक्तपुलिसदलानि नियोजितानि आसन्।

इन्दौरविमानस्थानके कार्यान्वितं शीतकालस्य समयसूची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होल्करविमानस्थानके शीतकालस्य समयसूची प्रभावी अभवत्। अस्मिन् कार्यक्रमे इन्दौरतः १२ राज्येषु एकस्मिन् केन्द्रशासितक्षेत्रे च १७ नगरेभ्यः ४२ नियमितप्रत्यक्षविमानयानानि प्रचलन्ति। एतेषां विमानयानानां माध्यमेन प्रतिदिनं समासे ११,००० यात्रिकाः गच्छन्ति। नूतने कार्यक्रमे दिल्लीमार्गः सर्वाधिकं व्यस्तः अस्ति, यत्र प्रतिदिनं ९ विमानयानानि सन्ति। इदानीं मुम्बईनगरं प्रति प्रतिदिनं ८ विमानयानानि सन्ति। उल्लेखनीयं यत् वर्तमानशीतकालस्य कार्यक्रमे जबलपुरं प्रति विमानसंयोजनं न समाविष्टम्, यदा तु जोधपुरं अहमदाबादं च नूतनानि विमानयानानि आरब्धानि।

राशिफल

मेष : आज के दिन सहकर्मियों से तारीफ हासिल करें। एनर्जी बढ़ाने के लिए छोटी सैर अच्छी रहेगी। रोमांटिक एनर्जी हाई रहेगी।

वृषभ : प्राथमिकताओं को क्लियर रखें। हाल के खर्चों की जांच करें। आज के दिन देखें कि कहां सेविंग्स कर सकते हैं।

मिथुन : आपके प्रयास योजनाओं में क्लियर रूप से दिखाई देने वाले हैं। आज आपकी भावनाएं आपके डिसीजन का मार्गदर्शन करेंगी।

कर्क : उपयोगी जानकारी प्राप्त करने के लिए बोलने के साथ-साथ सुनने को भी प्राथमिकता दें। धीरे-धीरे हालात आपके पक्ष में आएंगे।

सिंह : नए आइडिया तथा उपयोगी कनेक्शन बन सकते हैं। सही समय पर बोलने की कोशिश करें।

कन्या : निरंतर प्रयास से विश्वास बढ़ेगा। शांत बातचीत गलतफहमियों को दूर करेगी। बदलाव आपको आगे ले जाएंगे।

तुला : आज जरूरी टास्क को प्राथमिकता दें। आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है।

वृश्चिक : आपके दोस्त उपयोगी सलाह दे सकते हैं। अपने शब्दों को सौम्य और कार्यों को स्टेबल रखें। क्लियर रूप से बात करें।

धनु : पेट से जुड़ी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। अपने प्रेम जीवन में खुश रहने की सलह दी जाती है।

मकर : आज अपने पार्टनर के साथ एक सुखद और संतोषजनक शाम और स्नेह का अनुभव होगा। जंक फूड्स का सेवन कम करें।

कुंभ : आपके फैसले तेजी से प्रगति ला सकते हैं। शांत मन से सोल्यूशन मिल सकते हैं, जो कॉन्फिडेंस और क्लैरिटी बढ़ा सकते हैं।

मीन : सोच-समझकर उठाए गए रिस्क तुरंत सफलता दिलाते हैं। आज दयालु रहें, फोकस बनाए रखें।

वनडे रनचेज में सबसे ज्यादा रन, रोहित 17वीं बार शून्य पर आउट, अर्शदीप का गर्लफ्रेंड के लिए डांस

विराट कोहली ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ऑकलैंड



भारत ने ऑकलैंड में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। विराट कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

रोहित शर्मा 17वीं बार शून्य पर आउट हुए। वहीं अर्शदीप सिंह ने काइल जैमीसन को आउट करने के बाद डांस किया। इसे उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को डेडीकेट किया।

कोहली ने सचिन का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा- कोहली ने वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे 8741 रन बना लिए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 8720 रन को पीछे छोड़ दिया।

कोहली ने पोंटिंग के रिकॉर्ड की बराबरी की- विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 1,971 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। दोनों बल्लेबाज इस मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं।

कोहली के नंबर-3 पर 13 हजार रन पूरे- विराट कोहली वनडे में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 13 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। कोहली को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 12 रन की जरूरत थी। उन्होंने पारी के 7वें ओवर की दूसरी गेंद पर अपना 12वां रन बनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। नंबर-3 पर वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस पोजिशन पर 12,662 रन बनाए हैं।

कोहली ने न्यूजीलैंड में 35 गेंद पर फिफ्टी लगाई- विराट कोहली ने 35 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। यह विदेशी मैदान पर वनडे में उनकी दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। इस मामले में उनका सबसे तेज अर्धशतक 34 गेंदों में आया था। उन्होंने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में यह उपलब्धि हासिल की थी।

गिल, कोहली, रोहित को न्यूजीलैंड रग्बी खिलाड़ी ने जर्सी दी- मैच शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के रग्बी खिलाड़ी केविन मेआलामू से मुलाकात की। इस दौरान तीनों भारतीय खिलाड़ियों को उनके नाम की खास रग्बी जर्सी भेंट की गई।

बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ मैच- बारिश की वजह से देरी से टॉस हुआ। मुकाबला भी 10 मिनट की देरी से शुरू हुआ। मैच भारतीय समयानुसार पहले 7:30 बजे से खेला जाना था, जो 7:40 बजे शुरू हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

कोहली ने ग्लेन फिलिप्स को जॉन सीना का इशारा दिखाया- न्यूजीलैंड की पारी के दौरान ग्लेन फिलिप्स बल्लेबाजी करने मैदान पर पहुंचे। तभी विराट कोहली ने उनके सामने हाथ को चेहरे के आगे घुमाकर डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर जॉन सीना का मशहूर यू कांट सी मी इशारा किया।

रोहित ने शून्य पर आउट होने में गांगुली को पीछे छोड़ा- रोहित वनडे में 17वीं बार शून्य पर आउट हुए। इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने में उन्होंने सौरव गांगुली को पीछे छोड़ दिया। गांगुली वनडे करियर में 16 बार शून्य पर आउट हुए।

भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का चौथा सबसे छोटा घरेलू वनडे टोटल- न्यूजीलैंड की टीम ऑकलैंड में भारत के खिलाफ 185 रन पर ऑलआउट हो गई। यह भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड का चौथा सबसे छोटा वनडे टोटल है। न्यूजीलैंड ने 1994 में भारत के खिलाफ लोएस्ट स्कोर बनाया था, तब टीम ऑकलैंड में ही 142 रन पर ऑलआउट हुई थी।

नंबर-11 पर बल्लेबाजी करते हुए टिकनर ने 4 छक्के लगाए- ब्लेयर टिकनर ने ऑकलैंड में 4 छक्के जड़े। उन्होंने वनडे में नंबर-11 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। इससे पहले पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर और नसीम शाह ने ऐसा किया था।

ज्योतिष/वास्तु

धनतेरस के दिन करें ये 5 आसान उपाय

पूरे साल नहीं होगी धन की कमी और मां लक्ष्मी की बरसेगी कृपा



हिंदू धर्म में धनतेरस के दिन नई चीजों की खरीदारी करने का काफी महत्व है। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कुबेर और भगवान धन्वतंरि की पूजा की जाती है। इसके साथ ही कुछ उपाय भी किए जाते हैं।

धनतेरस का हिंदू धर्म में काफी महत्व है। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धनतेरस का दिन खरीदारी और नई वस्तुओं को घर लाने के लिए बेहद शुभ माना जाता है। माना जाता है कि कुछ उपाय करने से आर्थिक तंगी दूर होती है।

हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक, धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कुबेर और भगवान धन्वतंरि की पूजा की जाती है। माना जाता है कि इस दिन विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। इसके साथ ही कुछ उपाय करने से पूरे साल धम की कमी नहीं होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है।

कब है धनतेरस – धनतेरस का पर्व इस साल 6 नवंबर शुक्रवार के दिन मनाया जाएगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से और 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। त्रयोदशी तिथि के दिन प्रदोष काल में धनतेरस की पूजा की जाती है। 7 नवंबर को त्रयोदशी तिथि सुबह 10 बजकर 47 मिनट समाप्त हो जाएगी, जिसकी वजह से धनतेरस का त्योहार 6 नवंबर 2026, शुक्रवार को मनाया जाएगा।

कब जलाएं 13 दीये- मान्यताओं के मुताबिक, धनतेरस के दिन सूर्यास्त के बाद 13 दीपक जलाना चाहिए। इन दीयों के पास 13 कौड़ियां रखनी चाहिए। इनमें पहला दक्षिण दिशा में रखा जाता है, जो यमराज के नाम होता है। मान्यता है कि आधी रात को इन कौड़ियों को घर के किसी साफ कोने में रखना चाहिए, जिससे धन से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं।

धनवर्षा की पोटली बनाएं- माना जाता है कि धनतेरस के दिन धनवर्षा पोटली बनानी चाहिए, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन शाम को पूजा के दौरान एक लाल कपड़े में सात कौड़ियां, तीन गोमती चक्र, हल्दी की गांठ, अक्षत (बिना टूटे चावल) और एक रुपए का सिक्का रखकर बांध लें और फिर इसकी पूजा करें। पूजा के बाद इसे धन रखने के स्थान या तिजोरी में रखें। मान्यता है कि यह उपाय करने पूरे साल धन की कमी नहीं होती है।

भारत एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

कोरिया को 8-1 से सेमीफाइनल हराया, शिलानंद और दिलप्रीत ने 2-2 गोल किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को मोहाली में खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने साउथ कोरिया को 8-1 से हराया। भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने 2-2 गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, अंगद बीर सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने एक-एक गोल किया। भारत अब 6 नवंबर को फाइनल में जापान से खेलेगा। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कोरिया और मलेशिया ब्रॉन्ज मेडल के लिए भिड़ेंगे।

पहले क्वार्टर में भारत ने बनाई बढ़त-

मैच के चौथे मिनट में दिलप्रीत सिंह ने बाएं तरफ से शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद शिलानंद लाकड़ा को दी, जिन्होंने गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। कोरिया ने नौवें मिनट में हान सांगजुन के गोल से बराबरी कर ली। भारत ने तुरंत जवाब दिया। अगले ही मिनट उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत ने इस मौके पर तेज ड्रैग-फ्लिक लगाई। भारत 2-1 से आगे हो गया। 13वें मिनट में हरमनप्रीत के एक और ड्रैग-फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया। गेंद गोल के सामने ही रह गई और शिलानंद ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 3-1 से आगे था।

दूसरे क्वार्टर में चार गोल, मुकाबला एकतरफा हुआ

दूसरे क्वार्टर में भारत ने चार गोल दागकर कोरिया की वापसी की उम्मीद लगभग खत्म कर दी। 19वें मिनट में संजय के पास पर सुखजीत सिंह ने शॉट लगा दिया। इस तरह भारत ने स्कोर 4-1 कर दिया। अगले ही मिनट कोरिया के एक कमजोर पास का दिलप्रीत ने फायदा उठाया। उन्होंने अंगद बीर सिंह के साथ तेजी से पास का आदान-प्रदान किया और गेंद गोल में पहुंचा दी। 25वें मिनट में हरमनप्रीत ने लंबा पास देकर दिलप्रीत को मौका दिया। दिलप्रीत ने तंग कोण से बिना गेंद रोके शॉट लगाया और भारत को 6-1 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के छठे मिनट यानी मैच के 36वें मिनट में जरमनप्रीत सिंह ने दाएं तरफ से पास दिया। अंगद बीर सिंह ने स्टिक लगाकर गेंद की दिशा बदली और उसे गोलपोस्ट में पहुंचा दिया।

कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कर्नाटक

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के चौथे राउंड में बुधवार को तीन टीमों ने बड़ी जीत दर्ज की। कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से हराया, विदर्भ ने मध्य प्रदेश को पारी और 20 रन से मात दी, जबकि उत्तराखंड ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया। कर्नाटक की जीत में मैनवंत कुमार का शतक और श्रेयस गोपाल की गेंदबाजी अहम रही। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे और पार्थ रेखड़े ने मध्य प्रदेश की दोनों पारियों में 5-5 विकेट लिए। उत्तराखंड की जीत में पहली पारी के 153 रन बनाने वाले डेगा निश्चल और दूसरी पारी में 4 विकेट लेने वाले जगदीश सुचित की भूमिका रही। गुवाहाटी में खेले गए ग्रुप-इ के मुकाबले में कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 577 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। टीम को पहली पारी में 442 रन की बढ़त मिली। मैनवंत कुमार ने 108 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। यह इस सीजन में उनका दूसरा फर्स्ट क्लास शतक था। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में टेस्ट मैच और रणजी ट्रॉफी जैसे लंबे फॉर्मेट के मुकाबले शामिल होते हैं।

खबर एक नजर...

युवक-युवती की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

उज्जैन। घट्टिया और झारड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक-युवती की जहर खाने से मौत होने का मामला बुधवार को सामने आया। दोनों मामले अलग-अलग है। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि सुबह निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर कृष्णकुमार पिता अमृतलाल 27 वर्ष निवासी ग्राम नजरपुर घट्टिया की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। कृष्णकुमार 2 दिनों से अस्पताल में भर्ती था। शाम झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नागपुरा से वर्षा पिता कृष्णादास बैरागी 19 साल को परिजन बेसुध हालत में चरक अस्पताल लेकर आये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा था कि वर्षा ने जहरीला पदार्थ खाय था। अस्पताल स्टॉफ की ओर से कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

देवास से उज्जैन लाते वक्त थमी घायल युवक की सांस

उज्जैन। धरमपुरी स्थित फैक्ट्री में काम करने वाला देवकरण पिता नारायणगिरी 41 साल देवास का रहने वाला था और प्रतिदिन फैक्टी से घर के लिये बाइक से आना-जाना करता था। मंगलवार देर शाम वह धरमपुरी फैक्ट्री से घर जाने के लिये निकला था। लेकिन रास्ते में उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में देवास ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रैफर कर दिया। परिजन रात में उज्जैन लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी सांस थम गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया था। बुधवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि देवकरण 2 बच्चों का पिता था, उस पर परिवार की जिम्मेदारी का भार था।

निनौरा टोल पर आटो-बस में भिड़ंत, 2 घायल

उज्जैन। इंदौररोड पर निनौरा टोल के आगे देर शाम बस और आटो के बीच भिड़ंत हो गई। आटो में चालक लीलाधर पिता मदनलाल बागवान 40 साल निवासी ग्राम जमालपुरा और बबलू पिता कालू चांगेचा 33 साल सवार थे। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये। वहीं आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मामले में आटो चालक के बयान दर्ज कर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बस इंदौर-उज्जैन के बीच चलती है। दुर्घटना के बाद उसमें सवार यात्री उतरकर दूसरी बस से अपने गतंव्य के लिये रवाना हो गये थे। पुलिस बस चालक की तलाश कर रही है। दूसरा दुर्घटना का मामला लोडिंग पिकअप और कार के बीच फ्रीगंज क्षेत्र में हुआ। लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 एल 4992 के चालक ने दिलीप पिता मोतीलाल मीणा निवासी बाढकुम्मेद नरवर की कार को टक्कर मार दी। माधवनगर पुलिस ने लोडिंग चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कच्ची शराब के साथ पकड़ाया चोरी-मारपीट का आरोपी

उज्जैन। भाटपचलाना थाना पुलिस ने ग्राम सलवा में रहने वाले मुकेश पिता छोगालाल को उसके घर के पास से कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ा है। उसके पास 5 लीटर शराब की केन बरामद की गई। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि आरोपी मुकेश थाने का रजिस्टर्ड बदमाश है। उसके खिलाफ चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध शराब मिलने पर धारा 49(क), 34(1) आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

शोरूम के सामने से बदमाशों ने चुराई पल्सर बाइक

उज्जैन। तिरूपति सॉलिटर कालोनी पंचक्रोशी मार्ग पर रहने वाला सौरभ पिता टीकमसिंह पंवार अपनी बजाज पल्सर बाइक से डीआईवाय शोरूम फ्रीगंज आया था। बाइक खड़ी करने के बाद वह शोरूम में चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएस 1620 गायब थी। आसपास तलाश करने पर नहीं मिली तो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी करने की शिकायत माधवनगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। बाइक का दूसरा मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के विवेकानंद कालोनी से सामने आया। यहां रहने वाले सचिन पिता बद्रीलाल पाटीदार ने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश बाइक चुराकर ले गये। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है।

युवक की आत्महत्या के 2 माह बाद प्रेमिका गिरफ्तार

उज्जैन। जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले युवक की मौत के मामले में 2 माह बाद उसकी प्रेमिका और एक दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां दोनों को जेल भेजा गया है। अब एक और आरोपी की तलाश है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के हरिनगर में रहने वाले गौतम पिता राजेन्द्र शर्मा ने अगस्त माह में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।

दिन	278-7	789-4
मेन बाजार	135-9	268-6
मिलन डे	580-3	566-7
मिलन नाइट	360-9	349-6

2 6 0

रतलामी सेव के नाम से सेंव बेचने वालों होशियार, रतलाम प्रशासन वसूलेगा हर्जाना

रतलाम में रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क दुरुपयोग पर प्रशासन करेगा कार्रवाई

उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के नाम से कई वेबसाईट और अन्यानेक काम, प्रशासन सुस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रतलामी सेव के नाम से सेव बेचने वाले होशियार हो जाएं तो बेहतर होगा। रतलाम का जिला प्रशासन वहां की रतलामी सेव के रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क का दुरूपयोग करने वालों को नोटिस देकर हजार्ना वसूलने की तैयारी कर रहा है। उज्जैन के भगवान श्री महाकालेश्वर के मिलते जुलते नामों से वेबसाईट एवं अन्य कई कामों को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन प्रशासन की सुस्ती से ऐसे काम करने वालों को इस रजिस्टउ ट्रेडमार्क के दुरूपयोग से संबंधित कार्रवाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

कुछ वर्षों पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर से मिलते जुलते नाम से ही एक वेब साईट पर मंदिर की प्रसादी को लेकर व्यवसाय किया जा रहा था। यही नहीं ऐसी अनेकों वेबसाईट एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं जो मंदिर के नाम से सीधे तौर पर जूडे हुए हैं। यही नहीं उज्जैन का भेरूगढ प्रिंट भी रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क में दर्ज है उसके बाद भी उसके नाम का दुरूपयोग अन्यानेक शहरों में किया जा रहा है एवं उस प्रिंट का कपडा विक्रय किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रशासन इसे लेकर रिजस्टर्ड ट्रेड मार्क एवं जीआई टैग के साथ कापी राईट एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए ऐसे मामलों में हजार्ना वसूलने की कार्रवाई से बच रहा है।

स्टेशन पर उपलब्धता के प्रयास होंगे

बैठक में जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल एवं औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस संबंध में सहमति व्यक्त की। इस पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलामी सेव को रतलाम रेलवे स्टेशन पर भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए रेलवे के डीआरएम से चर्चा की जाएगी तथा रतलामी सेव को रेलवे के मेनू में शामिल कराने के संबंध में उद्योग विभाग को आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए गए।

रतलामी सेव के नाम के उपयोग पर होगी कार्रवाई

रतलाम का जिला प्रशासन वहां की रतलामी सेव के रजिस्टर्ड ट्रेड मार्क का दुरूपयोग करने वालों को नोटिस देकर हजार्ना वसूलने की तैयारी कर रहा है। औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने भी इस संबंध में सहमति व्यक्त की। इस पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अजय कटेसरिया ने बुधवार को लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात संवर्धन की बैठक में इस आशय के निर्देश उद्योग विभाग को दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि रतलामी सेव के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क एवं जीआई टैग का दुरुपयोग करने वाली कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई अन्य कंपनी रतलामी सेव के नाम से उत्पाद बेचती है, तो उसे नोटिस जारी कर हजार्ने के लिए प्रकरण भी तैयार किया जाएगा। रतलामी सेव रतलाम की पहचान और धरोहर है। इसके नाम एवं पहचान का उपयोग निर्धारित पंजीकृत उत्पादकों द्वारा ही किया जाना चाहिए।

हिरासत में आये बाइक सवार 2 युवको के पास भी मिला गांजा, एक अन्य आरोपी भी गिरफ्तार

युवक-युवती बेग में छुपाकर लाये थे डोडाचूरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस ऑपरेशन प्रहार अभियान चला रही है। जिसमें हर दिन मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। मंगलवार-बुधवार रात युवक-युवती के बेग से 30 किलो डोडाचूरा बरामद किया। बाइक सवार 2 युवक गांजे के गिरफ्त में आये है। चारों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि केडी पैलेस के पास युवक-युवती मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आ रहे है। रात में घेराबंदी की गई और बेग लेकर आते दिखाई दिये युवक-युवती को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उनके नाम सिमरन पति अजय पंजाबी 20 साल और रानू पिता संतोष रिषी 24 साल निवासी छावनी पठार रायसेन सामने आये। उनके बेग की तलाशी लेने पर उसमें रखा 30 किलो मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर मंदसौर से लेकर आने की बात कहीं। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रतापसिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह मादक पदार्थ किसे देने आये थे। संभावना है कि तस्करी की चैन सामने आ सकती है। बरामद डोडाचूरा की कीमत 67 हजार सामने आई है।



बाइक से गांजा लेकर आये थे तराना

बुधवार सुबह तराना पुलिस ने ग्राम कनार्दी मार्ग पटेल लोधी कृषि फार्म के पास बाइक सवार 2 युवकों को रोका और उनके पास मौजूद 3 पैकेट की तलाशी ली गई। जिसमें 2 किलो 563 ग्राम गांजा मिला। युवकों से पूछताछ में महेश पिता सुनील दुबे और निर्भय पिता हिन्दूसिंह गुर्जर निवासी तराना सामने आये। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

इधर बरामद हुआ आधा किलो गांजा- माकडोन पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर तनोडिया रोड पुलिया के पास घेराबंदी कर कालूराम पिता बाबूलाल होली ग्राम खेड़ा पचोला को पकड़ा। उसके पास से 510 ग्राम गांजा बरामद होने पर प्रकरण दर्ज किया। कालूराम गांजा बेचने की फिराक में निकला था। उससे बरामद गांजा 12 हजार रुपए कीमत है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और समाज का नशामुक्त बनाना है। अभियान पूरे जिले में लगातार जारी रहेगा।

छात्र से मारपीट का इंस्टग्राम पर वायरल किया था वीडियो

36 घंटे में चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कक्षा 12 वीं में साथ पढ़ने वाली छात्रा को मोबाइल नम्बर देने पर छात्र के साथ चार युवकों द्वारा शमशान में ले जाकर अर्धनग्न कर मारपीट की थी और इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल कर दिया था। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर चारों आरोपी युवकों को 36 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

तराना थाना क्षेत्र के ग्राम कनार्दी में रहने वाले कक्षा 12 वीं के नाबालिग छात्र ने 2 नवम्बर को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बस से सरकारी स्कूल आना-जाना करता है। उसके साथ सहपाठी छात्रा पर आती है। उसके द्वारा मोबाइल नम्बर मांगा गया था। उसने अपना नम्बर दिया था। छात्रा ने उसे वाटसएप पर मिस्का दिये थे। 1 नवम्बर की शाम वह के बाहर खड़ा था, उसी दौरान बाइक से तौफीक खान और शोएब शाह आये और उसे अपने साथ शमशान की ओर लेकर गये। जहां उनके 2 अन्य साथी आ गये। चारों ने मारपीट की और अर्धनग्न कर दिया। चारों ने मारपीट का वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देख मामले में प्रकरण दर्ज किया और 36 घंटे में तोफिक पिता अनवर खान, अल्फेज पिता शाकिर शाह, सोयब पिता शाकिर शाह और वकील पिता मुंशी खां निवासी ग्राम कनार्दी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि चारों को गिरफ्तार करने में एसआई परमानंद सिंह, शुभम सोलंकी और सैनिक नारायण की भूमिका रही।

पुलिस गिरफ्त में गोलीकांड में 4 माह से फरार आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग के अपहरण का प्रयास और हवाई फायर कर दहशत फैलाने के मामले में फरार आरोपी की 4 माह बाद बुधवार को गिरफ्तारी की गई। मामले के मुख्य आरोपी ने घटनाक्रम के एक माह बाद आत्महत्या कर ली थी।

पाबिहार चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव ने बताया कि 4 माह पहले ग्राम रणाहेड़ा में नाबालिग युवती उसके चाचा के घर से 3 युवकों द्वारा अपहरण करने का प्रयास किया था। परिवार ने विरोध किया था तो युवकों ने मारपीट कर गोली चलाई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस बीच पता चला था कि गोली चलाने में शामिल मुख्य आरोपी विकास आंजना ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल 2 अन्य आरोपियों का सुराग तलाश जा रहा था। बुधवार को ग्राम रणाहेड़ा से घटना में शामिल दूसरे आरोपी राजेश पिता निर्भय सिंह निवासी ग्राम धूलमहु को गिरफ्तार कर लिया। जिससे पूछताछ के बाद तलवार बरामद की गई है। उसका कहना था कि गोली विकास ने चलाई थी, लेकिन वह अब दुनिया में नहीं है। तीसरा आरोपी विकास का साथी था, जिसे पहचानता नहीं है। चौकी प्रभारी जाटव के अनुसार 4 माह बाद गिरफ्त में आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

हिरासत में आया चाकू मारने वाला इनामी आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी 6 माह से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया।

चिमनगंज टीआई अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 26 अप्रैल को प्रिंस भारती निवासी गोपालपुरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके पुत्र के मान का कार्यक्रम उंडासा तालाब की पाल पर रखा गया था। देर शाम कार्यक्रम समाप्त होने के दोस्त सुनील उर्फ भूरा और राहुल जूनवाल के साथ सामान एकत्रित कर घर लौटने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान पूर्व में हुए विवाद को लेकर आरोपी अभिषेक ने अपने साथियों विनित, सतीश मालवीय, लक्की मालवीय एवं अन्य साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर आकर मारपीट शुरू कर



दी थी। दोस्त सुनील उर्फ भूरा ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। सुनील गंभीर घायल हो गया था। टीआई पाटीदार के अनुसार पूर्व में 5 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। वहीं प्राणघातक हमले में उदय पिता चंद्रभानसिंह निवासी बिलोटीपुरा बड़नगर रोड फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 6 माह बाद फरार इनामी आरोपी के घर आने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

अभियान चला तो विभागों की कार्रवाई में उपभोक्ता की जेब कटाई की हकीकत सामने आई

खाद्य पदार्थों में अशुद्धि, तौल में भी बड़ा झोल

नापतौल विभाग के विशेष जाँच अभियान में उज्जैन एवं महिदपुर में 9 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि उपभोक्ता से मनमानी राशि लेकर भी उसे शुद्ध खाद्य वस्तु प्रदाय नहीं हो रही है और उसके साथ तौल में भी झोल किया जा रहा है। अभियान चला ताक विभागों की कार्रवाई में उपभोक्ताओं की जेब कटाई की हकीकत सामने आई है। खाद्य विभाग के बाद अब नापतौल विभाग के विशेष जांच अभियान में उज्जैन एवं महिदपुर में 9 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

त्यौहारों पर खाद्य वस्तुओं की बढती मांग के चलते उपभोक्ताओं के साथ छल किया जा रहा है । पर्याप्त राशि लेकर भी उन्हें अशुद्धि की खाद्य सामग्री व्यापारी दे रहे हैं। अशुद्ध मावा सहित मिठाईयां यही नहीं खाने की वस्तुओं में जमकर मिलावट आम आदमी को पर्याप्त पैसा देकर भी बिमारी दे रही है। बची खुची कमी व्यापारियों ने तौल में गडबड के साथ पूरी कर दी है। यानिकी त्यौहारों पर यह साफ हो गया है कि विभागीय नियंत्रण के अभाव में अशुद्ध खाद्य सामग्री एवं कम तौल पूरा मौल जमकर चला है।

नियंत्रक नापतौल, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष जाँच अभियान चलाने के निर्देश दिये गये थे। इन निदेर्शों के अनुपालन में विभाग द्वारा व्यापक जाँच अभियान चलाया गया।

तराना, नागदा, उन्हेल में खाद्य विभाग की कार्रवाई

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने तराना में डोकर गांव के प्रताप सिंह, खोकरिया के सोनू राठौर एवं ग्राम बरसिमा के मोजीराम जाट से दूध के नमूने लिए गए। इसके अलावा ग्राम पानखेड़ी स्थित मां पीताम्बरा दूध डेयरी, नागशक्ति दूध डेयरी महावीर पथ तराना तथा मस्ताना दूध डेयरी नयापुरा से भी दूध के नमूने संग्रहित किए गए। श्री चारभुजा स्वीट्स झंडा चौक तराना से मावा बर्फी एवं घी तथा श्रीनाथ जी डेयरी खाण्डेराव बाजार से घी, काजू कतली एवं बेसन के लड्डू के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने तहसील नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र में भी कार्रवाई की। राजेन्द्र स्वीट्स जवाहर मार्ग नागदा से मलाई बर्फी, श्री महावीर स्वीट्स सेंटर एमी रोड से मावा रोल तथा गुरु महिमा नमकीन एंड स्वीट्स एमजी रोड से सेव नमकीन का नमूना लिया गया। उन्हेल स्थित अब्दुल हुसैन नरूद्दीन के प्रतिष्ठान से मैदा, सूजी, बेसन एवं हल्दी पाउडर तथा ए.के. ट्रेडर्स से रसगुल्ला, सोहन पपड़ी, मैदा एवं रवा के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थ अमानक अथवा मिलावटी पाए जाते हैं तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ये किया नापतौल विभाग ने

उज्जैन नगर में किराना, हार्डवेयर, पेंट एवं ज्वेलर्स आदि कुल 8 व्यापारिक संस्थानों की जाँच की गई। जाँच के दौरान संस्थानों पर उपयोग किये जा रहे नापतौल उपकरणों का पुनः सत्यापन/मुद्रांकन नहीं कराये जाने के कारण तीन संस्थानों सर्वे किराना, रेखा हार्डवेयर तथा लक्ष्मी किराना (मक्सी रोड) के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। महिदपुर में भी विभिन्न व्यापारिक संस्थानों जैसे किराना, होटल, हार्डवेयर एवं मंडी की जाँच की गई। जाँच के दौरान 6 प्रतिष्ठानों पर नापतौल उपकरणों में कमियाँ पाये जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किये गये।जाँच दल में निरीक्षक नापतौल अफजल हुसैन एवं दीपशिखा नागले शामिल रहे।

वन विभाग ने 2 हजार लक्ष्य के विरूद्ध 1820 वन्यजीवों का रेस्क्यू किया

उज्जैन में नीलगाय के बाद बढ़ने लगी कृष्णमृगों की संख्या



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में लगातार दुसरे वर्ष शाजापुर एवं उज्जैन जिले में चलाए गए एंटीलोप रेस्क्यू एवं स्थानांतरण अभियान सफल रहा है। अभियान में 2 हजार वन्यजीवों के स्थानांतरण के लक्ष्य के विरूद्ध 1820 को कृषि क्षेत्रों से हटाकर वन्य क्षेत्रों में भेजा गया है। अभियान में उज्जैन तहसील के अंतर्गत चिंताजनक स्थिति यह सामने आई है कि अब तक नीलगाय से जुझ रहे किसानों को आगे कृष्णमृगों की संख्या बढने पर उनसे भी परेशानी हो सकती है। दोनों जिलों के चुनिंदा क्षेत्र में चले पूरे अभियान में एक भी वन्यजीव की मृत्यु नहीं है।

बुधवार को अभियान के अंतिम दिन उज्जैन में बोमा स्थल पर मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा ने पहुंचकर अभियान में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विशेषज्ञों एवं सहयोगियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने पूरी टीम के समर्पण, समन्वय एवं प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ वन्यजीव संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

बुधवार को उज्जैन जिले के ग्राम पिपल्याबीछा में 81 नीलगायों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष प्रदेश में अभियान के अंतर्गत कुल 1,820 वन्यजीवों का रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से संरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है। इनमें 1,507 कृष्णमृग (ब्लैकबक) एवं 313 नीलगाय शामिल हैं। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 30 अक्टूबर तक शाजापुर में 1500 कृष्णमृग एवं 94 नीलगाय रेस्क्यू किया गया। उज्जैन जिले में 226 वन्यजीवों का रेस्क्यू किया गया।

अभियान के दुसरे चरण में 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चार दिवसीय अभियान उज्जैन जिला मुख्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में चलाया गया जो बुधवार तक जारी रहा । उज्जैन के ग्रामीण क्षेत्र में 9 कृष्णमृग रेस्क्यू किए गए हैं। ऐसे में यह संख्या धीरे-धीरे बढने की स्थिति बन रही है। जिले के तराना,बडनगर,घट्टिया ,महिदपुर क्षेत्र में यह संख्या और अधिक हो सकती है। तराना के माकडौन में कृष्ण मृग,जंगली सुअर सहित नीलगायों की संख्या खासी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com